● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 244, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र — हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





बाल्मीकि मंदिर पहुंचे राहुल गांधी, की पूजा-अर्चना 5

बेंगलुरु में रोहित सेना का शर्मनाक रिकॉर्ड 6

## संस्कृति को नए सिरे से पेश कर रहा भारत : पीएम

### पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध के साथ जुड़ाव पर की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अभिधम्म दिवस पर दिल्ली में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। विज्ञान भवन में बौद्ध भिक्षुओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध से अपने जुड़ाव पर बात की। साथ ही उन्होंने सरकार के पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने और भारत के अपनी संस्कृति और सभ्यता को नए सिरे से प्रस्तुत करने की बात कही।

पीएम मोदी ने कहा, अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था, ये मेरा सौभाग्य है कि वहां उस आयोजन में भी मैं शामिल हुआ था। ये मेरा सौभाग्य है कि भगवान बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वड़नगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थानों से लेकर दुनिया के अलग अलग देशों तक, नेपाल में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली के दर्शन, मंगोलिया में उनकी प्रतिमा के अनावरण से लेकर श्रीलंका में वेसाक समारोह तक मुझे कितने ही पवित्र आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा, आज शरद पूर्णिमा का पवित्र पर्व भी है और आज ही भारतीय चेतना के महान



ऋषि वाल्मीकि जी की जन्मजयंती भी है। मैं समस्त देशवासियों को शरद पूर्णिमा और वाल्मीकि जयंती की भी बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, इस वर्ष अभिधम्म दिवस के आयोजन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी जुड़ी है। भगवान बुद्ध के अभिधम्म, उनकी वाणी, उनकी शिक्षाएं जिस पाली भाषा में विरासत के तौर पर विश्व को मिली है, इसी महीने भारत सरकार ने उस पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का ये दर्जा, पाली भाषा का ये सम्मान भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है।

उन्होंने कहा, अभिधम्म धम्म के निहित है, धम्म के मुलभाव को समझने के लिए पाली भाषा का ज्ञान आवश्यक है। धम्म यानी बुद्ध के संदेश, बुद्ध के सिद्धांत और मानव के अस्तित्व से जुड़े सवालों का समाधान। धम्म यानी मानवमात्र के लिए शांति का मार्ग, धम्म यानी बुद्ध की सर्वकालिक शिक्षाएं, धम्म यानी समूची मानवता के कल्याण का अटल आश्वासन। पीएम ने बताया कि तीन दिन बाद 20 अक्तूबर को वे वाराणसी जा रहे हैं, जहां सारनाथ में हुए अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम नए निर्माण के साथ-साथ अपने अतीत को भी सुरक्षित कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में हम 600 से ज्यादा प्राचीन धरोहरों, कलाकृतियों और अवशेषों को दुनिया के अलग-अलग देशों से वापस भारत लाए हैं। इनमें से कई अवशेष बौद्ध धर्म संबंधित हैं। यानी बुद्ध की विरासत के पुनर्जागरण में भारत अपनी संस्कृति और सभ्यता को नए सिरे से प्रस्तुत कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की बुद्ध में आस्था केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता की सेवा का मार्ग है। भगवान बुद्ध को लेकर मैंने पहले भी कहा है कि बुद्ध, बौद्ध भी है और बुद्ध शोध भी है।

## भारत अपने पूर्वजों के सिद्धांतों पर कायम : संघ प्रमुख

### न हमला करता है, न ही उसे बर्दाश्त करता है

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की तरफ से निर्धारित सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के पास 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस के लिए जवाबी कार्रवाई करने का विकल्प था, लेकिन उस समय सरकार ने सेना को हमला करने के लिए सीमा पार न करने का निर्देश दिया था।

गुजरात के सूरत शहर में मोहन भागवत जैन समुदाय की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। मोहन भागवत ने आगे कहा, कि



हमारे पूर्वजों की तरफ से निर्धारित सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था, लेकिन वर्तमान में संकट का सामना कर रहे हैं। हम हमले नहीं करते हैं, न ही हम अपने ऊपर किसी हमले को बर्दाश्त करते हैं। संघ प्रमुख ने कहा, जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया, तो भारत के पास अपने पड़ोसी के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का विकल्प था। हालांकि, हमारी सेना को सीमा पार न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत की तरफ से पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने सुनिश्चित किया कि केवल उपद्रवी लोगों को ही निशाना बनाया जाए। संघ प्रमुख ने कहा, जब हमने उनके घर में घुसकर हमला किया, तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। बता दें कि भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी लॉन्च पैड पर सर्जिकल स्ट्राइक की।

## नायब सिंह सैनी दूसरी बार बने हरियाणा के मुख्यमंत्री

### 13 मंत्रियों की टीम में 2 महिलाएं शामिल

**पंचकूला।** हरियाणा में गुरुवार को भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित दशहरा मैदान में नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद बारी-बारी से 13 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

सीएम सैनी के बाद अंबाला छावनी के विधायक अनिल विज ने शपथ ली। तीसरे नंबर पर इसराना के विधायक कृष्णलाल पंवार का शपथ ग्रहण हुआ। एक दिन पहले ही नायब सिंह सैनी विधायक दल के नेता चुने गए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया था।

**13 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ**

अंबाला छावनी के विधायक अनिल विज, इसराना के विधायक कृष्णलाल पंवार, बादशाहपुर के विधायक राव नरबीर हिंस, पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा, फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल, गोहाना के विधायक डॉ. अरविंद शर्मा, रादौर के विधायक श्याम सिंह राणा, बरवाला के विधायक रणबीर गंगवा, नरवाना के विधायक कृष्ण बेदी, तोशाम की विधायक श्रुति चौधरी, अटेली की विधायक आरती राव, तिगांव के विधायक राजेश नागर, पलवल के विधायक गौरव गौतम।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा समेत कई केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## मुंबई विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** बीते 4 दिनों से भारतीय विमानों में बम होने की धमकी मिल रही है। गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो की फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली। पीटीआई के मुताबिक धमकी मिलने के बाद विस्तारा की फ्रैंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट च 028 की मुंबई में आपात लैंडिंग कराई गई। यह धमकी सोशल मीडिया के जरिए दी गईं। जब अधिकारियों ने बम की धमकी की सूचना क्रू मेंबर्स को दी, विमान पाकिस्तान के एयर स्पेस में उड़ान भर रहा था।

## मिस इंडिया बनीं मध्य प्रदेश की निकिता पोरवाल

### बोलीं- बचपन का सपना हुआ सच, अभी सबसे अच्छा होना बाकी

**मुंबई।** मध्य प्रदेश की रहने वालीं निकिता पोरवाल ने फेमिना मिस इंडिया 2024 का खिताब जीता है। अब निकिता मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। निकिता उज्जैन में पली-बढ़ी हैं। मगर कई वर्षों से वह मुंबई में रह रही हैं।

बता दें कि अगस्त महीने में निकिता ने फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश का खिताब जीता था। बेटी के मिस इंडिया बनने पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। देशभर की 29 सुंदरियों के बीच निकिता को बुधवार को विजेता चुना गया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

दादरा और नगर हवेली की रहने वालीं रेखा पांडे पहली और गुजरात की आयुषी ढोलकिया दूसरी रनर-अप रहीं। मिस इंडिया 2024 में 30 राज्यों की विजेताओं ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में संगीता बिजलानी, निकिता म्हैसलकर, अनीस बज्मी, नेहा धूपिया, बोस्को मार्टिस और मधुर भंडारकर शामिल थे। कार्यक्रम में मशहूर म्यूजिक ग्रुप बैंड ऑफ बॉयज ने शानदार प्रस्तुति से समा बांध दिया। वहीं फेमिना मिस इंडिया 1980 की विजेता संगीता बिजलानी ने दमदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा।

निकिता के पिता अशोक पोरवाल पेट्रो केमिकल व्यापारी हैं। निकिता ने अपनी स्कूली शिक्षा उज्जैन से पूरी की। इसके बाद उच्च शिक्षा हासिल करने बाहर गईं। सात साल पहले निकिता ने मुंबई का रुख किया। वह अभिनेत्री बनना चाहती हैं। निकिता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है। निकिता ने कहा कि बचपन में मां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मुझे मिस इंडिया बनाकर भेजती थी। अब सच में मिस इंडिया बन गई हूं।

## उत्तराखंड के मदरसों में संस्कृत पढ़ाई जाएगी

**दिल्ली।** उत्तराखंड के मदरसों में जल्द ही संस्कृति पढ़ाई जा सकती है। इसे राज्य के 400 से ज्यादा मदरसों में ऑप्शनल सब्जेक्ट के तौर पर रखा जाएगा। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून ने गुरुवार को कहा कि हम इस योजना पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार की अनुमति मिलते ही इसे लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मदरसा जाने वाले बच्चों को मेनस्ट्रीम से जोड़ना चाहते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह योजना बनाई है।

## बदल गया रिजर्वेशन का नियम, यात्रियों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने टिकट बुकिंग के नियम में नया संशोधन किया है। अब तक कोई भी यात्री को अपनी यात्रा के 120 दिन पहले टिकटों की बुकिंग कराने की सुविधा मिलती थी। रेलवे बोर्ड ने इस समय अवधि को घटाकर आधी यानि 60 दिन कर दी है। रेलवे बोर्ड के निदेशक (पैसेंजर मार्केटिंग) संजय मूनचा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के तहत यात्रियों को 31 अक्टूबर 2024 तक यात्रा के 120 दिन टिकट बुकिंग कराने की सुविधा मिलती रहेगी। नई व्यवस्था एक नवंबर 2024 से प्रभावी होगी। हालांकि विदेशों से आने वाले टूरिस्टों के लिए यह नियम मान्य नहीं होगा।

वे यात्रा के 365 दिन पहले अपने टिकटों की बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा पूर्व में बुकिंग कराए गए टिकट को यदि रद कराया जाता है तो उसे भी 60 दिन पहले रद कराया जा सकता है। वहीं, ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस के नियम पूर्ववत् ही रहेंगे। इसमें किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। दिवाली और छठ के मद्देनजर भारतीय रेलवे कई स्पेशल ट्रेनें चलाएगी।

## हरियाणा में मिली हार का असर महाराष्ट्र चुनाव में नहीं दिखेगा : शरद

**मुंबई।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों पर राकांपा-एसपी अध्यक्ष शरद पवार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों का असर अगले महीने होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर नहीं पड़ेगा। दरअसल, हरियाणा में भाजपा ने कांग्रेस को हराकर राज्य में सरकार बनाने में कामयाब हुई है। सतारा जिले के कराड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लेडी ऑफ जस्टिस की प्रतिमा का अनावरण करके मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने एक नई दिशा दिखाई है,



क्योंकि इससे पहले किसी ने भी बदलाव करने के बारे में नहीं सोचा।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद विपक्षी गठबंधन की रणनीति को लेकर सवाल किए जाने पर शरद पवार ने कहा कि भाजपा उस राज्य (हरियाणा) में भाजपा का शासन था और वह सत्ता बरकार रखने में कामयाब रही। उन्होंने कहा, हम हरियाणा के बारे में पढ़ रहे हैं, और इसके साथ ही हम जम्मू-कश्मीर के नतीजों पर भी नजर डाल रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि इसका (हरियाणा चुनाव के नतीजे) असर राज्य विधानसभा (महाराष्ट्र) चुनाव पर पड़ेगा। जहां तक जम्मू कश्मीर का सवाल है, विश्व समुदाय इसपर ज्यादा ध्यान देता है। जम्मू-कश्मीर के नतीजे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। बता दें कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 20 नवंबर को चुनाव होने वाला है। नतीजे 23 नवंबर को जारी होंगे। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही। उन्होंने 90 विधानसभा सीटों में से 48 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस को 37 सीटों पर जीत मिली। गुरुवार को नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लीं। जम्मू कश्मीर में बुधवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता ओमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लीं।

सुप्रीम कोर्ट में लेडी ऑफ जस्टिस की नई प्रतिमा का आवरण किया गया। इस प्रतिमा में आंखों पर पट्टी की जगह खुली आंखें दिखाई गई हैं और हाथ पर तलवार की जगह संविधान रखा हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर स्टेटहुड का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को दो महीने में पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। एडवोकेट गोपाल शंकर नारायण ने जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से यह याचिका लगाई है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वे इस पर सुनवाई करेंगे।

याचिका में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जम्मू-कश्मीर को जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया था। हालांकि मामले में फैसला आने के 10 महीने बाद भी केंद्र सरकार ने अब तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया। अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 11 अगस्त, 2023 को आया था।

याचिका में कहा गया है कि यह संघवाद की मूल विशेषता का उल्लंघन है। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों को प्रभावित करता है। इसलिए कोर्ट केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के निर्देश दे।

## असम में अप्रवासियों को नागरिकता देने वाला कानून वैध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6 ए की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने इस पर गुरुवार को फैसला सुनाया। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। फैसले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है। वहीं जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई। दरअसल, सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6 ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आए हैं वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते हैं।

## डिबालोंग में लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्ली।** असम के डिबालोंग स्टेशन के पास एक ट्रेन डिरेल हो गई है। डिबालोंग में लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेन डिरेल की वजह से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह दुर्घटना लुमडिंग डिवीजन के लुमडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में हुई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी इस दुर्घटना की जानकारी अपने आधिकारिक सोशल हैंडल एक्स पर दी।

रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह अगरतला से रवाना हुई मुंबई जाने वाली लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस असम के डिबालोंग स्टेशन पर दोपहर करीब 3-55 बजे पटरी से उतर गई। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन के सीपीआरओ ने बताया, %ट्रेन के पावर कार और इंजन समेत आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। सीपीआरओ, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कहा कि अगरतला से आज सुबह रवाना हुई 2520 अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस लुमडिंग डिवीजन के अंतर्गत डिबालोंग स्टेशन पर लुमडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में लगभग 15-55 बजे पटरी से उतर गई। ट्रेन के पावर कार और इंजन सहित 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना राहत ट्रेन और दुर्घटना राहत चिकित्सा ट्रेन बचाव और बहाली कार्यों की निगरानी के लिए डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लुमडिंग से घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी है।

## बहराइच हिंसा के पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो को मुठभेड़ के बाद दबोचा

**बहराइच।** बहराइच के महाराजगंज में हुए हत्याकांड के दो मुख्य आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए हैं। उनके पैरों में गोली लगी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने नानपारा बायपास पर हांडा बसेहरी नहर के पास आरोपियों की घेराबंदी की। जहां पुलिस व आरोपियों के बीच जवाबी फायरिंग हुई जिसमें दो आरोपी घायल हो गए। आरोपियों के नाम मोहम्मद सरफराज और मोहम्मद तालीम हैं। यूपी के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बताया कि एनकाउंटर के बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी हिंसा के आरोपी थे। उन्होंने कहा कि आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। घायल आरोपियों को इलाज के लिए नानपारा सीएचसी में भर्ती



कराया गया था। जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इस बीच मेडिकल कॉलेज को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। परिसर में चारों तरफ भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल की तैनाती की गई है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। जिले की पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि घायल होने वाले आरोपी मोहम्मद सरफराज और मोहम्मद तालिम हैं। पुलिस के अनुसार, नानपारा इलाके में हुई मुठभेड़ में आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की जिस पर पुलिस ने उनके पैरों में गोली मारी है। यूपी पुलिस ने मामले पर बयान जारी करते हुए कहा कि रविवार को महराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या करने के केस में आज बहराइच पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम मोहम्मद फहीन, मोहम्मद तालीम, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद हमीद और मोहम्मद अफजल हैं। पहले दो की निशानदेही पर मर्डर में प्रयुक्त हुए हथियार की बरामदगी के लिए जब पुलिस टीम लेकर गई तो इनके द्वारा वहां रखे हथियारों से पुलिस पर फायरिंग की गई। जवाबी फायरिंग में दोनों को गोली लगी है। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनका उपचार कराया जा रहा है। हत्या में उपयोग किया गया हथियार बरामद हो गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जो लोग भी इन आरोपियों को संरक्षण दे रहे थे उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के पास अवैध हथियार भी मिले हैं।

वहीं, बहराइच में जिस मकान मालिक अब्दुल हमीद पर राम गोपाल मिश्रा पर गोली चलाने का आरोप है उसकी बेटी रुखसार बता रही है कि कल 4 बजे मेरे पिता अब्दुल हमीद, मेरे दो भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को यूपी एसटीएफ ने उठा लिया है। मेरे पति और मेरे देवर को पहले उठाया जा चुका है किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है।

# चोरियों का खुलासा करने में एसआईटी को आ रहा पसीना

## एड़ी-चोटी का जोर लगाती रही पुलिस फिर भी कम नहीं हुई चोरी की घटनाएं, रैकी करने जैसी हो रही घटनाएं



**सिंगरौली।** देश में ऊर्जाधानी के नाम से मशहूर सिंगरौली में भी अपराध महानगरों की तर्ज पर होने लगें हैं। जनवरी माह से बात करें तो चोरी लूट को कम करने पुलिस ने एड़ीचोटी का जोर लगा दिया था लेकिन फिर भी चोरियां कम नहीं हुए। 10 महीने में छोटे-बड़े सैकड़ो अपराध पुलिस के सरकारी पत्रों में दर्ज हुए होंगे। इसमें गंभीर अपराधों में दुष्कर्म व हत्या हुई है। वहीं चोरी की बात करें तो इन घटनाओं को भी रोकने में पुलिस अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो सकी। जबकि डकैती और लूट की घटनाओं को रोकना भी कड़ी चुनौती होगी।

शहर और गांव में लगातार चोरी की वारदातों से जहां लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस की लापरवाही कहें या फिर लचर कार्यशैली। नतीजा यह कि वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। जिसे रोकने में पुलिस और गठित एसआईटी हर मोर्चे पर नाकाम है। यदि ऐसे ही वारदातों में इजाफा होता रहा तो वर्ष 2024 चोरी के मामले में कई गंभीर अपराध पुलिस के रिकार्ड में दर्ज होंगे। चर्चा है कि घर का मुखिया जब घर से ताला बंद कर निकलता है तो वह भगवान का नाम लेकर निकलता है उसे पुलिस के गस्त और गठित एसआईटी पर अब बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। हो रही चोरियों को देखने के बाद ऐसा लगता है कि चोर रैंकी कर घटना को अंजाम दे रहे हैं। देवसर थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जून को कांग्रेसियों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी को की घटनाओं को लेकर उपखंड अधिकारी अखिलेश सिंह को ज्ञापन सौंपा था।

नवानगर थाना मुख्य मार्ग स्थित एक इलेक्ट्रानिक दुकान में चोरों ने लगातार दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिससे पूरे इलाके में लोग सहम गए। दरअसल 26 अगस्त को व्यवसाई वीरेंद्र के घर में चोरों ने सेंधमारी कर 3 लाख से अधिक चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद नवानगर पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू की लेकिन अभी तक इस सेंधमारी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है।

कोतवाली थाना के खुटार चौकी अंतर्गत ग्राम पडैनिया का है जहां प्रोफेसर शांतिप्रिय द्विवेदी के घर में दिनदहाड़े चोरों ने धावा बोला और लाखों का सामान पार कर दिए मिली जानकारी के अनुसार पंडित शांतिप्रिय द्विवेदी दूसरे गांव गए हुए थे और बच्चे स्कूल चले गए इसके बाद मौका देखकर चोर सूने घर के अंदर घुसे और कई ताले तोड़ने के बाद आलमारी में रखे नगदी और लाखों के जेवर को पार कर दिया।

जियावन क्षेत्र अंतर्गत खड़ौरा गांव में संजय चतुर्वेदी के घर चोरी हुई थी चोरों ने रात को घर का ताला तोड़कर घुसे थे जहां नगदी सहित 5-6 लाख के सोने चांदी के गहने लेकर फरार हो गए थे जिसके बाद एसपी ने एक एसआईटी गठित कर इस चोरी के खुलासे की बात कही जरूर लेकिन आज तक इस चोरी का खुलासा नहीं हो पाया। अब चतुर्वेदी को भी लगने लगा कि इस चोरी का खुलासा शायद ही हो पाए उन्होंने चोरों के पकड़े जाने की उम्मीद छोड़ दी है।

# विधायक ने स्वच्छता में बटाया हाथ, सफाईकर्मियों के लिए बनाया चाय



**सिंगरौली**

स्वच्छता की अलख जगाने सिंगरौली विधायक राम निवास शाह,निगमाध्यक्ष देवेश पांडेय अलसुबह स्वच्छता का निरीक्षण करने निकले जहां कृषि उपज मंडी (कलेक्ट्रेट के सामने) स्वच्छता में श्रमदान किया गया उसके बाद सफाई मित्रों के लिए विधायक द्वारा चाय बनाया गया और अपने हाथों से सबको दिया गया।

विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिंगरौली शहर स्वच्छता के प्रत्येक पैमाने में खरा उतरे इसके लिए हम सब संकल्पित हैं सफाई मित्रों के उत्साहवर्धन और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हम शहर को स्वच्छ बनाएंगे। (ज्ञात हो कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान विधायक द्वारा शहर के प्रत्येक सफाईमित्रों को 2000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई थी। निगमाध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि शहर के प्रत्येक सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है और शहर हमारा है जिसे सभी मिलकर बेहतर बनाने का काम करेंगे। प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता का निरीक्षण हम नियमित रूप से करेंगे और व्यवस्था दुरुस्त हो जिसके लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।उक्त श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 42 पार्षद संतोष शाह ददौली, उपायुक्त आरपी बैस,स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी सहित सीटाडेल और आईईसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सीनियर अनुसूचित जाति बालक एवं कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

## छात्रावास में दिये जाने वाले नास्ता भोजन सहित पठन-पाठन की ली जानकारी



**सिंगरौली।** शासकीय छात्रावासो में छात्र छात्राओं को दिये जाने वाले नस्ता एवं भोजन सहित पाठन पाठन, स्वाथ्य जाँच मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा माड़ा में स्थित अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया। वही उपस्थित छात्र छात्राओ से छात्रावास में दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अनुसूचित जाति सिनियर कन्या छात्रावास के छात्राओं से रूबरू होते हुये कहा कि मन लागाकर पढ़ाई करे। छात्रावास में अगर किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही है। तो मुझे अवगत कराये । कलेक्टर ने कहा कि संप्ताह के प्रति दिन किस प्रकार का भोजन किस दिन बनाया जाना अपने बीच कमेटी गठित कर सुझाव दे। साथ ही उपस्थित अधीक्षिका को निर्देश दिये कि छात्रावास की छात्राओ को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखे। छात्राओ अपने घर अपने अभिभावको के साथ ही जाये यह भी सुनिश्चित करे इन्हे अकेले न भेजे साथ ही समय समय पर इनकी स्वास्थ्य जॉच भी कराये भ्रमण के दौरान एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, तहसीलदार अजय राज सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी राजेश गुप्ता, उप संचालक शिक्षा कविता पाण्डेय, उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में चयनित विषयों की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित किया जाये : कलेक्टर

## शिकायतो के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियो के विरूद्ध की जायेंगी वेतन कटौती की कार्यवाही : शुक्ला



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी 28 अक्टूबर 2024 को सी.एम. हेल्पलाईन के विभागों विषयों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में की जायेगी। कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतां की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सितम्बर माह एवं 100 से अधिक दिवस की लंबित शिकायतो का तत्परता के साथ निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समाधान विंदु अंतर्गत जिले में लंबित शिकायतों का विभागीय अधिकारी वर्गीकरण कर सभी विषयो का ध्यान देते शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण कराये। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुये समाधान संबंधी शिकायतों की तहसीलवार जानकारी लेकर उपखण्ड अधिकारियो तथा तहसीलदारो को निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाईन एवं समाधान संबंधित शिकायतों के साथ साथ नामातरण, वटनवारा, सीमांकन से संबंधी शिकायतों का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ भू अर्जन से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये उनका तत्परता के साथ निराकरण कराये। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि ऐसे विभागीय अधिकारी जिनके द्वारा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही की जा रही है। ऐसे विभागीय अधिकारियो के विरूद्ध वेतन कटौती की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा विभागीय अधिकारी स्वंय रूचि लेकर शिकायतों का निराकरण कराये साथ जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर गंभीरता से कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे ताकि विभागों के रैकिंग में सुधार हो सके। बैठक के दौरान एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी एन.के जैन, डीपीओ राजेश गुप्ता, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से व्यावसायिक उत्कृष्टता का किया प्रदर्शन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के उमंग भवन सभागार मे बीते 16 अक्टूबर को एक आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिसर मे स्थित डीपीएस स्कूल विंध्यनगर के छात्रों द्वारा माँ दुर्गा के नौ रूपों को दर्शाते हुए एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शन ने व्यावसायिक उत्कृष्टता के सिद्धांतों से देवी के इन रूपों के बीच के संबन्धों को खूबसूरती से उजागर किया, जिसमें ताकत, रचनात्मकता, ज्ञान, नवाचार, रणनीति, संकट प्रबंधन और सहनशीलता जैसे मूल्यों को दर्शाया गया। ये सभी गुण जीवन और व्यवसाय दोनों में दीर्घकालिक सफलता के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर सीआईआई-एक्ज़िम टीम के लीड असेसर विनीत शर्मा और कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई. सत्या फणि कुमार की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। असेसर टीम से मिलिंद वैद्य, शैलेन्द्र जयाल, सतीश बाला और मलय गोराडिया भी उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (आरएलआई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडू, महाप्रबंधक(सी एंड एम) डीके अग्रवाल, महाप्रबंधक(हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (रखरखाव एवं एडीएम) एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला और मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा के साथ-साथ अन्य विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा डीपीएस स्कूल विंध्यनगर के प्रिंसिपल डॉ. जनार्दन पांडेय और हेडमास्टर एनके सिन्हा, बीई टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ-साथ विभागों के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम मे छात्रों का मनमोहक प्रदर्शन से न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, बल्कि नेतृत्व, नवाचार और अनुकूलनशीलता के मूल सिद्धांतों को भी प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम ने सांस्कृतिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता के संयोजन को दर्शाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पारंपरिक मूल्य और आधुनिक व्यावसायिक प्रथाएं एक साथ कैसे काम कर सकती हैं। यह कार्यक्रम व्यावसायिक उत्कृष्टता की दिशा में एक सशक्त कदम था।

# सप्ताह में एक दिन पटवारी अपने हल्के में करेगे रात्रि विश्राम : कलेक्टर

## किसानो के साथ चौपाल लगाकर उनके समस्याओं का करे निराकरण : शुक्ला



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा माड़ा तहसील भ्रमण के दौरान तहसील के सभागार में संबंधित तहसील के पटवारियों के साथ बैठक आयोजित कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि हल्का पटवारी सप्ताह में एक रात्रि अपने हल्के विश्राम करेगें। तथा किसानो के साथ चौपाल आयोजित कर उनके समस्याओं का निराकरण करेगे। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि पटवारी किसानो के साथ अच्छा व्यवहार करे तथा उनके समस्याओं का गंभीरता पूर्वक सुनते हुये निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने उपस्थित पटवारियों को निर्देश दिये किसानो के प्रकरणो के निराकरण में लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि सीमांकन के दौरान दोनो पक्षो को सूचना से अवगत कराये तथा निष्पक्ष रहकर सीमांकन की कार्यवाही करे। इस दौरान सीमांकन की वीडियोग्राफी भी करायें। तथा सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो का समय पर निराकरण किया जाना भी पटवारी सुनिश्चित करे। बिना तहसीलदार के आदेश तथा मूल नस्ती के अवलोकन बगैर नामातरण बिलकुल न करे। कलेक्टर ने कहा कि सीमांकन के दौरान अगर कोई व्यक्ति विवाद कि स्थिति निर्मित करता है। तो उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये।

# फर्जी रजिस्ट्री कर कूट रचित फर्जी नामातरण कराने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के संज्ञान में इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई थी कि माड़ा तहसील में 13 व्यक्तियों के नाम फर्जी रजिस्ट्री कर कूट रचित फर्जी नामातरण दूसरे व्यक्ति की जमीन का नामातरण कर दिया गया है। कलेक्टर के द्वारा उक्त जानकारी को तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित तहसील के राजस्व अधिकारियो के माध्यम से उक्त मामले की जॉच कराई गई। जॉच उपरांत यह पाया गया कि कूटरचित रचना कर फर्जी रजिस्ट्री कर कूट रचित फर्जी नामातरण नामातरण आदेश राजेश शाह पिता हीरालाल शाह ग्राम ढेका के द्वारा अपने लेपटॉप तथा कम्पयुटर हार्ड डिस्क में तहसीलदार माड़ा का हस्ताक्षर कम्पयुटर में चस्पा कर फर्जी नामातरण दस्तावेज 13 व्यक्तियों के नाम कूटरचित दस्तावेज तैयार किया जाकर आदेश जारी किया गया है।जॉच रिपोर्ट प्राप्त होते ही तहसीलदार माड़ा जिला सिंगरौली के द्वारा माड़ा थाने में कूटरचित रचना करने वाले राजेश शाह सहित इस कार्य में समिल 13 व्यक्तियों के नाम एफाईआर दर्ज कराया गया हे। जिसमें प्रदीप कुमार शाह निवासी ग्राम ढेका, उदय कुमार सिंह गोड़ निवासी ढेका, सुरेश कुमार शाह निवासी ढेका, बृजेन्द्र सिंह निवासी ढेका, सिपाहीलाल शाह निवासी ढेका, उर्मिला गोस्वामी निवासी असनी, शिव कुमार शाह निवासी ढेका, महेन्द्र सिंह निवासी ढेका, लालमन शाह निवासी ढेका, बृजेन्द्र सिंह पिता हरि सिंह गोड़, विश्वनाथ सिंह निवासी ढेका, राम सेवक शाह निवासी असनी, राम करण साकेत निवासी असनी संबंधित व्यक्तियो के द्वारा माह जून 2023 से फर्जी रजिस्ट्री एवं नामातरण करने की घटना घटित होना पाया गया हे वही तहसीलदार द्वारा नामातरण के संबंध में आदेश परित नही किया गया है।

# सड़क दुर्घटना मे मृत्य व्यक्ति के परिजनो को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सिंगरौली।** उपखण्ड अधिकारी देवसर द्वारा इस इस आशय का प्रतिवेदन दिया गया कि 11 फरवरी 2024 को नारायण दास पिता पिता इन्द्रमणि बैस ग्राम बरगवा से बेटहाडांड की ओर मोटर सायकल से जा रहा था। तभी देवसर की ओर से आ रहे बोलेरो वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक एवं तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुये एक्सीडेट कर दिया जिससे नारायण दास को गंभीर चोट आने से मौके पर ही मृत्यु हो जाने के कारण शासन के प्रावधान अनुसार एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश के परिपालन में अपर कलेक्टर अरविंद झा द्वारा मृतक के निकटत वारिस पत्नी सुनीता देवी निवासी बेटहाडांड को 15 हजार रूपयें की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।इसी प्रकार सड़क दुर्घटना में मृत पवन कुमार शाह निवासी ग्राम बाघाडीह तहसील बरगवा के निकटतम वारिस पत्नी फूलकुमारी शाह को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# माजन मोड़ से पकड़ाया 6 लाख का अवैध कबाड़

## माजन बगीचा से जुड़ा है मामला, पुलिस कबाड़ी का नाम नहीं बता रही



**सिंगरौली।** जिले में हो रही लगातार चोरियों से परेशान एसपी निवेदिता गुप्ता ने पुलिस को जिले में संचालित कबाड़ियों की दुकानों पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए थे। जहां कोतवाली पुलिस ने माजन मोड़ से ट्रक से कबाड़ का अवैध परिवहन करने वाले युवक को रंगे हाथों दबोचा। उसके पास से 6.5 टन लोहे का कबाड़ बरामद करते हुए जब्त कर लिया गया। लेकिन पकड़े गए कबाड़ की कीमत कितनी है पुलिस नहीं बता पाई। सूत्र बताते हैं कि कबाड़ माजन बगीचा से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर माजन मोड़ मुख्य मार्ग पर ट्रक क्रमांक एमपी 53 जेड बी1993 को रोककर चेकिंग की। जिसमें 6.5 टन लोहे का स्क्रैप लोड पाया गया। जहां चालक केशव प्रसाद द्विवेदी पिता भोला प्रसाद द्विवेदी द्वारा ट्रक में लोड स्क्रैप से संबंधित दस्तावेज मांगा गया जो मौके पर वह नहीं दिखा पाया। पुलिस ने ट्रक को कबाड़ सहित जब्त कर लिया। पुलिस को ट्रक में लदा कबाड़ चोरी जैसे अपराध से जुड़े होने की आशंका है। पुलिस ने बीएनएसएस में जप्ती की कार्यवाही करतें हुए स्क्रैप के संबंध में पतासाजी में लगीं हैं। सूत्र बताते हैं कि पकड़ा गया कबाड़ माजन बगीचे से जुड़ा है। जहां चोरी का माल खपाया जा रहा था। पुलिस ने भले ही कबाड़ पकड़ा है लेकिन पिछले दिनों हुई चोरियों के खुलासे के लिए गठित एसआईटी टीम को अभी कोई खास सफलता नहीं मिली है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह ने की है।

### चोरी का माल खप रहा कबाड़ियों के पास

जिले में चोरों का गिरोह सक्रिय है। चोर गिरोह कबाड़ियों के पास चोरी के माल खपा रहे हैं। इससे पहले भी पुलिस ने बरगवां कबाड़ी के ठिकाने से चोरी का सामान जब्त किया है। कबाड़ियों और पुलिस की मिलीभगत के चलते चोरी के सामान खरीदने वाले बेखौफ हैं। शहर में अलग ठिकानों पर चोरी के सामान खरीदने वाले कबाड़ी सक्रिय हैं। सूत्र बताते हैं कि कबाड़ियों से हर महीना पुलिस को सुविधा शुल्क मिलता है लिहाजा वह कबाड़ियों के लिए नरम रूख रहते हैं।

जिले में कई राज्यों के कबाड़ी सक्रिय हैं, यहां करीब एक दर्जन कबाड़ी मोटा माल कमा रहे हैं। इनकी हर हफ्ते एक से दो गाड़ियां स्क्रैप उत्तर प्रदेश के कानपुर पहुंच रहा है। कबाड़ियों के खिलाफ छुटपुट कार्यवाहियों को छोड़ दे तो पुलिस को कबाड़ियों के यहां से कम ही चोरी के स्क्रेप मिलते हैं। इधर कार्रवाई को लेकर पुलिस पर आरोप भी लग रहे हैं। चर्चा है कि कबाड़ियों के खिलाफ दिखावे की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के नाम पर कुछ ही लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं, चहेते कबाड़ियों को अभयदान दे दिया गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहरी क्षेत्र में संचालित कबाड़ियों पर पुलिस कार्रवाई करने से क्यों हिचकिचा रही है। इसके कई मायने निकाले जा रहे।

## संपादकीय

# ट्रडो सरकार के निराधार आरोप

भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया बल्कि नई दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गए हैं कि कम से कम हाल-फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार-बार दोहराने और गोल-गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर दिया तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है। भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई।

**सुरक्षा बलों ने 4 अक्टूबर को नारायणपुर दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर 31 नक्सलियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल बाद से किसी एक अभियान में माओवादियों आतंकियों की यह सर्वाधिक मौतों की संख्या है। इस घटना ने देश में आतंकवाद के घाव फिर से हरे कर दिए। देश में हर तरह की आतंकी वारदातें कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान शुरु हुई। कांग्रेस की गलत नीतियों से ऐसी रक्तरंजित घटनाओं का परिणाम अभी तक देश भुगत रहा है। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर का हो, नक्सलियों का, पूर्वोत्तर में या फिर पंजाब में खालिस्तान का रहा हो, देश ने कांग्रेस की गलतियों की भारी कीमत चुकाई है।**

# कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम है देश में आतंकवाद

(योगेंद्र योगी)

कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू-कश्मीर में पाक परस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी सीमिट रहा है।

सुरक्षा बलों ने 4 अक्टूबर को नारायणपुर दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर 31 नक्सलियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल बाद से किसी एक अभियान में माओवादियों आतंकियों की यह सर्वाधिक मौतों की संख्या है। इस घटना ने देश में आतंकवाद के घाव फिर से हरे कर दिए। देश में हर तरह की आतंकी वारदातें कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान शुरु हुई। कांग्रेस की गलत नीतियों से ऐसी रक्तरंजित घटनाओं का परिणाम अभी तक देश भुगत रहा है। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर का हो, नक्सलियों का, पूर्वोत्तर में या फिर पंजाब में खालिस्तान का रहा हो, देश ने कांग्रेस की गलतियों की भारी कीमत चुकाई है। इसी तरह दशकों तक तीन राज्यों में व्याप्त रहा चंबल की बीहड़ों में डकैतों के अपराधों का काला इतिहास भी कांग्रेस के शासन के दौरान लिखा गया। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि कांग्रेस ने इन गलतियों से सबक नहीं लिया। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर में हो या फिर नक्सलियों का हो कांग्रेस ने कभी भी केंद्र की मोदी सरकार की तरह सख्ती नहीं दिखाई। इसके विपरीत कांग्रेस का रवैया वोट बैंक की राजनीति के कारण आतंक समर्थकों के प्रति सहानुभूति का रहा है। लापरवाही और उपेक्षापूर्ण नीतियों के साथ ही राजनीतिक फायदे के लिए की गई आतंकवाद की अवहेलना की कीमत कांग्रेस ने भी चुकाई है। 25 मई 2013 को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दरभा घाटी के झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया। इस हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला, पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र कर्मा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख नंद कुमार पटेल की मौत हो गई।

कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू-कश्मीर में पाक परस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी सीमिट रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार दोनों तरह के आतंकियों पर काफी हद तक लगाम लगाने में कामयाब रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि 2026



नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। शाह ने कहा कि 30 साल के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद से मरने वाले लोगों की संख्या 100 से कम रही है। हिंसा की घटनाओं में करीब 53 फीसद की कमी आई है। नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 96 की जगह 42 जिले तक सीमित रह गई हैं। इन 42 जिलों में से 21 जिले नए बने हैं। इनमें से करीब 16 जिले ही नक्सल हिंसा से प्रभावित हैं।

देश की सुरक्षा से संबंधित कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम सिर्फ देश की आम अवाम को नहीं बल्कि केंद्र की भाजपा सरकार को भी भुगतना पड़ रहा है। केंद्र सरकार को आतंकियों से निपटने के लिए न सिर्फ करोड़ों रुपए बहाने पड़ रह हैं, बल्कि पुलिस और सुरक्षा बलों को काफी मानवीय क्षति उठानी पड़ी है। नक्सल आतंकवाद का उदय पश्चिमी बंगाल से कांग्रेस शासन के दौरान ही हुआ था। यह फैलते हुए देश के करीब आठ राज्यों में तक पहुंच गया। इनमें से ज्यादातर राज्यों और केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें नक्सलियों की रोकथाम करने में विफल रही। केंद्र और राज्य मिलकर काम नहीं कर सके। नक्सली देश के लिए नासूर बन गए। मौजूदा केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार ने खून-खराबा करने वाले नक्सलियों को जड़ से उखाडने की ठान ली है।

नक्सली प्रभावित राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर भी आतंकवाद की आग में अभी तक सुलग रहा है। इस अशांत केंद्रशासित प्रदेश में आजादी के बाद से ही नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का शासन रहा है। केंद्र की कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर की सरकार आतंकियों को सबक सिखाने में पूरी तरह नाकाम रही। पाकिस्तान की शय पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने सिर उठाया। नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और दूसरी क्षेत्रीय दल आतंकियों के प्रति नरम रवैया रखते रहे। आतंकियों के समर्थन में पत्थरबाजी की घटनाओं ने सुरक्षा बलों नुकसान पहुंचाया। धारा 370 और 35 ए के कारण विशेष दर्जा प्राप्त इस प्रदेश में यह कानून आंतकियों की ढाल बनता रहा है। आतंकी वारदातों के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी इस कानून को खत्म करने का प्रयास नहीं किया। इसके विपरीत मुस्लिम वोटों के कारण कांग्रेस कभी भी भाजपा जैसी सख्ती नहीं दिखा पाई।

नौबत यह आ गई कि पाकपरस्त आतंकी संगठनों ने केंद्र में कांग्रेस के शासन के दौरान देश में बम-धमाके करके कानून-व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार की नाकामी और ढुलमुल सुरक्षा नीति के कारण देश की सुरक्षा व्यवस्था लगभग चौपट हो गई। पाकपरस्त आतंकियों के हौसले इतने बढ़ गए कि 13 दिसंबर, 2001 को दिल्ली के संसद भवन पर हुए आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। इसी तरह 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमलों में कम से कम 174 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 20 सुरक्षा बल कर्मी और 26 विदेशी नागरिक शामिल थे। डेढ़ दशक पहले तक आतंकियों ने कहर बरपा रखा था। कांग्रेस केंद्र और ज्यादतर राज्यों में सत्ता में रहने के बावजूद आतंकियों का खात्मा नहीं कर सकी।

**चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के लिये विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यूपी में रिक्त पड़ी 10 सीटों में से 9 सीटों के लिये भी विधानसभा उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही यूपी की नौ सीटों के लिये भी उप चुनाव कराये जाने की घोषणा की है।**

# उ.प्र. की नौ विधानसभा सीटों के लिये 13 नवंबर को होगी योगी-अखिलेश की अग्निपरीक्षा

(अजय कुमार)

रिक्त सीटों की बात की जाये तो करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के असेंबली से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। कन्नौज से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सपा अध्यक्ष ने संसद लौटने का फैसला लिया था।

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के लिये विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यूपी में रिक्त पड़ी 10 सीटों में से 9 सीटों के लिये भी विधानसभा उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही यूपी की नौ सीटों के लिये भी उप चुनाव कराये जाने की घोषणा की है। यूपी में कटेहरी, सीसामऊ, कुंदरकी, करहल, गाजियाबाद, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और खैर विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव होना है। एक सीट मिल्कीपुर में अभी चुनाव नहीं कराये जायेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुके हैं। वहीं भाजपा ने 9 सीटों को अपने पास रखा है और एक सीट रालोद को दी है। बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं पर नाम की घोषणा अभी नहीं की है। वहीं मायावती ने भी उपचुनाव लड़ने का ऐलान किया है पर बसपा से अभी कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं आया है।

रिक्त सीटों की बात की जाये तो करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के असेंबली से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। कन्नौज से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सपा अध्यक्ष ने संसद लौटने का फैसला लिया था। अखिलेश ने इस सीट पर रिश्ते में अपने भतीजे और लालू यादव



के दामाद तेज प्रताप सिंह यादव को एसपी का उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी पत्ता नहीं खोला है। उधर, प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट 2009 में आस्तित्व में आई। फूलपुर विधानसभा सीट पर प्रवीण पटेल 2022 में जीते थे। फूलपुर से सपा के सिंबल पर मुस्तफा सिद्दीकी मैदान में हैं। बीजेपी ने अभी प्रत्याशी नहीं उतारा है। यहां 2 बार कुर्मी और एक बार मुस्लिम विधायक चुने गए हैं। वहीं मिर्जापुर की मझवा विधानसभा सीट बीजेपी के चुनाव चिन्ह पर लड़े निषाद पार्टी के विनोद बिंद के इस्तीफा की वजह से रिक्त हुई है। सपा ने पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी इस सीट पर पत्ता नहीं खोला है। जबकि अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से लालजी वर्मा विधायक थे, जो अब अंबेडकरनगर के सांसद बन गए हैं। सपा ने कटेहरी से शोभावती वर्मा को यहां से टिकट दिया है। बीजेपी ने अभी ऐलान नहीं किया है।

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सबसे चर्चित सीटों में से एक है जहां से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने 47.99 फीसदी वोटों के साथ जीत हासिल की थी। अवधेश प्रसाद अब सांसद हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद मिल्कीपुर सीट काफी चर्चा में है। सपा ने मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी चार बार तो बीजेपी दो बार चुनाव जीती है। वहीं कांग्रेस ने तीन बार जीत दर्ज की है। यहां पासी यादव ब्राह्मण तीन जातियां चुनाव में अहम भूमिका निभाती हैं। दिल्ली से सटी गाजियाबाद विधानसभा सीट पर भाजपा के अतुल गर्ग विधायक थे। वह अब सांसद हो गए हैं। इसके बाद यह सीट खाली हो गई। 2012 में यहां बसपा जीती थी और 2017 में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। पश्चिमी यूपी की मुरादाबाद की मीरापुर विधानसभा सीट पर रालोद तो कब्जा था। यहां चंदन चौहान विधायक थे। उनके सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई है। 2012 में बसपा तो 2017 में बीजेपी ने यहां जीत दर्ज की थी। यहां जाट और मुसलमानों का प्रभाव ज्यादा है। चुनाव आयोग ने मिल्की पुर सीट के लिए चुनाव की घोषणा नहीं की है। यहां के चुनाव बाद में कराये जायेंगे।

कानपुर नगर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर 2022 में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हाजी इरफान सोलंकी ने जीत हासिल की थी। यहां से सपा ने इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। सीसामऊ सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी है। अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट भाजपा के विधायक अनूप प्रधान विधायक थे। अनूप सिंह लोकसभा चुनाव जीतकर संसद बन गए हैं। 2012 में या सेट रालोद ने और 2017 ने बीजेपी में जीती थी। इस सीट पर जातीय समीकरण की बात करें तो जाट, ब्राह्मण, दलित और मुसलमान का अच्छा प्रभाव दिखता है। संभल की कुंदरकी विधानसभा सीट पर जियाउल रहमान बर्क विधायक थे। वह संभल लोकसभा सीट से सांसद हो गए हैं। इसके बाद यह सीट खाली हो गई है। सपा इस सीट पर 2012-17 और 2022 में चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट बीजेपी के लिए चुनौती बनी हुई है।

## वर्ग पहेली 5525

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | | ■ |
| 12 | 13 | ■ | 14 | 15 | | | ■ |
| | | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | ■ | 20 | |
| 21 | 22 | | ■ | ■ | 23 | | |
| 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. विश्व में सबसे अधिक सहाकरी संस्थाऐं इस देश में है (3)
4. अगुप्तता, पपर्दगी, रहस्यहीनता (4)
7. तौलने वाला, तुलाई कर्मी (5)
9. वे उर्वरक पदार्थ जो खेत को उपजाऊ बनाते है (2)
10. अल्पता, न्यूनता, कसर (2)
11. अति आर्द्र, अधिक गीलापन (2)
12. बहती धारा, अनवरत वर्षा (2)
14. भेंट, उपहार (4)
16. ईशदूत, पैगम्बर, रसूल (2)
17. घोर ध्वनि करना, दहाड़ना, गुंजाना (3)
19. शतरंज की एक चाल (2)
20. किराया लेकर पहुंचाने वाली वाहन (2)
21. सचेत, सावधान, खबरदार (3)
23. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
24. अधिकार क्षेत्र, कर्मक्षेत्र, अमलदारी (3)
25. वस्तु, पदार्थ, द्रवय, चीज (1)
26. क्रिकेट से संबंधित शब्द (2)

ऊपर से नीचे
1. भाव की प्रधानता से युक्त (5)
2. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
3. मेघ राग की रागिनी, अल्प (3)
4. आनंदित, मनोरंजित, प्रसन्न, तृप्त (2)
5. धोना, धुलाई करना, प्रक्षालय करना (4)
6. नदी को पुल्लिंगवाची शब्द (2)
8. घात स्थान, घात गड्ढा, संधिगुप्त (5)
11. एक प्रकार का गीत, नगमा, गाना (3)
13. बसंत ऋतु की फसल यह कहलाती है (2)
15. न्यायाधीश (अंग्रेजी) (2)
18. मानव शरीर में सबसे अधिक मात्रा में यह तत्व पाया जाता है (4)
19. शकर को यह भी कहा जाता है (3)
20. आंकिक, गणक, संख्यानक, दर्जी (अंग्रेजी)(3)
21. प्रतिध्वनि, हमेशा, फकीर की आवाज (2)
22. निश्चित किया हुआ, ठहराया हुआ (3)

### वर्ग पहेली 5524 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म | र | को | ट | ■ | अ | दा |
| म | द | ■ | स | न | म | क | दा |
| र | न | क | ना | ■ | ता | रा | ■ |
| ना | ■ | व | ■ | गा | धि | ■ | आ |
| थ | ल | च | र | ■ | का | नू | न |
| ■ | घु | ■ | म | हा | र | त | ■ |
| ■ | म | जा | क | ■ | ■ | न | बी |
| य | ति | ■ | ना | लं | दा | ■ | धा |

# पाकिस्तान जाने का भारतीय फैसला कितना कारगर

(शरत सभरवाल, पूर्व भारतीय उच्चायुक्त, पाकिस्तान)

भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का सदस्य देश है। चूंकि इस संगठन के सदस्यों का विस्तार यूरेशिया के बड़े भूभाग तक है, इसलिए इसकी बैठकों में होने वाली चर्चा नई दिल्ली के लिए काफी अहमियत रखती है। इसी कारण भारत को इसमें नियमित तौर पर शामिल होना चाहिए। मगर यह तर्क तब बेमानी हो जाता है, जब इसकी बैठक पाकिस्तान में होने वाली हो, जैसा कि अभी 15 और 16 अक्तूबर को इसके शासनाध्यक्षों की बैठक आयोजित थी। आखिरकार, अगस्त 2016 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दक्षेस के गृह/ आंतरिक मामलों के मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के बाद कोई भी वरिष्ठ भारतीय नेता पाकिस्तान नहीं गया है।

बहरहाल, आज विदेश मंत्री एस जयशंकर इस बैठक में शामिल होने इस्लामाबाद गए। अहम सवाल यही है कि क्या इससे आपसी रिश्तों में कोई फर्क पड़ेगा? पाकिस्तान किसी भी द्विपक्षीय बैठक के लिए जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की पुनर्बहाली की मांग पर अड़ा हुआ है और पाकिस्तानी हुकूमत भारत विरोधी बयानबाजी मुसलसल किए जा रही है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिया गया भाषण भी उनकी सदनीयत का संकेत नहीं देता।

दरअसल, इस्लामाबाद आंतरिक मुश्किलों में इस कदर उलझा हुआ है कि उसके लिए विदेश नीति के मोर्चे पर कोई बड़ी पहल करना मुश्किल है। दिवालिया होने के कगार पर खड़ी उसकी अर्थव्यवस्था को अभी मुद्रा कोष से सात अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज से कुछ राहत मिली है। फिर, वहां राजनीतिक ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। ऐसे में, भारतीय विदेश मंत्री की इस यात्रा से द्विपक्षीय मोर्चे पर सकारात्मक विकास की उम्मीद काफी कम है। हालांकि, यह अच्छा है कि नई दिल्ली ने अपने मंत्री को भेजने का फैसला करके अपने लचीले रुख का संकेत दिया है। इससे पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठानों की सार्वजनिक बयानबाजी के पीछे की मंशा को समझने का मौका मिल सकता है।

खैर, आपसी बातचीत में हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहली, पश्चिमी सीमा पर पसरी अपेक्षाकृत शांति के कारण भारत को संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए, क्योंकि पूरी आशंका है कि पाकिस्तान अपने मौजूदा संकट से ज्यों ही उबरेगा, भारत को सीमा पार के दुस्साहसों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी ओर, यह कयास भी अगर साकार हुआ कि पाकिस्तान टूट जाएगा, तो भारतीय सीमा पर उथल-पुथल बढ़ सकती है। इसीलिए, हमारे लिए पाकिस्तान एक ऐसी चुनौती है, जिससे कूटनीति सहित तमाम साधनों से हमें निपटना होगा। दूसरी, पिछले कुछ वर्षों से भारत पाकिस्तान के बजाय चीन को मुख्य खतरा मानने लगा है। ऐसा पश्चिमी सीमा पर शांति के कारण हुआ है। इसकी अनिवार्यता और बढ़ती आंतरिक चुनौतियों के मद्देनजर हालात संभालने की पाकिस्तानी महत्वाकांक्षा की वजह से ही 2021 में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष-विराम लागू हुआ था। यह एक संकेत था कि आपसी रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य बनाना बेशक मुश्किल हो, पर द्विपक्षीय संबंध अस्थिरता को कम कर सकता है। इसे नजरंदाज नहीं करना चाहिए।

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ बड़े परिवर्तन हो सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा। आपको खुशी होगी और आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। आपकी सफलता को देखकर बाकी लोगों का मूड खराब हो सकता है।

### वृषभ
आज भाग्?य का साथ मिलेगा और परिवार के लोगों के साथ आपका वक?त आनंद में बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के प्रति स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

### तुला
आज भाग्?य साथ देगा और आपके लिए शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग बन रहे हैं। आपके लिए आय के नए स्त्रोत बनेंगे और वाक?पटुता आपको विशेष सम्मान दिलायेगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें।

### वृश्चिक
आज दिन शुभ है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और पिता या फिर ऑफिस में बॉस का साथ मिलने से आपको किसी बहुमूल्य वस्तु या फिर संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

### कर्क
आज दिन भाग्?यशाली है। आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपका दिन भाग्?यशाली रहेगा और आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका धन आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। ऑफिस में कर्मचारियों के साथ आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं और तनाव बढ़ सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है।

### मकर
आज भाग्?य साथ दे रहा है और आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम के समय परिवार के साथ कहीं जाने के संयोग बन रहे हैं।

### सिंह
आज हर कार्य में आशातीत सफलता मिलेगी और भाग्?य आपका साथ देगा। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज लाभ होगा और आपके लिए तरक?की के योग बन रहे हैं। आपके मन में प्रसन्?नता रहेगी और आपको वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कुंभ
आज दिन काफी खर्च से भरा होगा। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक?त पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा-पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### मीन
आज भाग्?य साथ देगा और आपका पारिवारिक जीवन आनंद में बीतेगा। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के वक?त कहीं घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाल्मीकि मंदिर पहुंचे राहुल गांधी, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पार्टी ने मंदिर में पूजा कर रहे राहुल गांधी की तस्वीरें साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स लिखा, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भगवान वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिल्ली के वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की। पार्टी ने मंदिर में पूजा कर रहे राहुल गांधी की तस्वीरें साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स लिखा, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भगवान वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने वाल्मीकी जयंती की दी शुभकामनाएं वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! आदिकवि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण महाकाव्य ने मानव समाज को प्रभु श्री राम की अलौकिक कथा का उपहार दिया है। रामायण में मानवीय आदर्शों का अनुपम चित्रण मिलता है। आदिकवि द्वारा वर्णित आदर्शों के मार्ग पर चलने का प्रयास सभी को करना चाहिए। मैं महर्षि वाल्मीकि की पावन स्मृति को नमन करती हूं!

### पिज्जा को लेकर ठाय-ठाय, इस बात से नाराज जेठानी ने भाइयों से देवरानी को मरवाई गोली, दिल्ली में अजीबोगरीब घटना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बड़ा भाई जीशान कल शाम को पिज्जा लेकर आया था। वह पिज्जा अपने छोटे भाइयों की पत्नी व बच्चों को दे रहा था। इस बात पर जीशान की पत्नी आग बबूला हो गई और उसने अपने भाइयों को बुला लिया। पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। पिज्जा बंटवारे को लेकर जेठानी इतनी आग बबूला हो गई कि उसने अपने भाइयों को बुला लिया। चार भाई उनके दोस्त के साथ हथियारों लेकर मौके पर पहुंचे और छोटे भाई जावेद की पत्नी को गोली मार दी। गोली पेट में फंसी हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बड़ा भाई जीशान कल शाम को पिज्जा लेकर आया था। वह पिज्जा अपने छोटे भाइयों की पत्नी व बच्चों को दे रहा था। इस बात पर जीशान की पत्नी आग बबूला हो गई और उसने अपने भाइयों को बुला लिया। उन्होंने जावेद की पत्नी को गोली चला दी। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। शोर सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचे। भागते हुए आरोपियों ने हवा में फायरिंग भी की। मगर स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए जेठानी के चार भाइयों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं यह घटना रात 1:30 बजे की है।

### दिल्ली के सीलमपुर में महिला को मारी गोली, चार आरोपी गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर थाना क्षेत्र में एक महिला को उसके घर में घुसकर गोली मार दी गई। पीड़िता की पहचान सदमा के रूप में हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी मौके से भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुछ हथियार भी बरामद किए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मामला पारिवारिक विवाद का है। जिसमें महिला की जेठानी का हाथ बताया जा रहा है। इस घटना के बाद सीलमपुर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मौके पर मौजूद हाजिर रईस ने बताया कि हमें फोन आया कि यहां एक लड़की को गोली मार दी गई है। इसके बाद हम लोग मौके पर पहुंचे और चार हमलावरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। लड़की को पेट में गोली मारी गई थी। उसे जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है, अभी उसकी हालत कैसी है यह नहीं पता है। घायल महिला के जेठ मोहम्मद अमन ने बताया, मेरी बीवी और मेरे बीच थोड़ी अनबन चल रही थी, लेकिन यह इतना बड़ा मामला नहीं था। मेरी मां से भी बात हो रही थी, लेकिन कोई बड़ी बात नहीं थी। उन्होंने आगे बताया, मेरी बीवी ने अपने मायके में फोन कर दिया और अपने भाइयों को बुला लिया। उनके तीन भाई आए और मेरे भाई जावेद से बात करने लगे। तभी उनके एक भाई ने मेरे भाई जावेद पर हमला कर दिया और बंदूक निकाल ली। इसी दौरान मेरे पिता आ गए और उन्होंने उनका हाथ नीचे कर दिया, लेकिन दूसरे भाई ने फिर से बंदूक उठाई और गोली चला दी।

# कनाडा के प्रधानमंत्री ने ठोस सबूत न होने की बात कबूली, भारत ने कहा नुकसान के लिए ट्रूडो जिम्मेदार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कबूलनामे के बाद विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने जो सुना है वह नई दिल्ली के रुख की पुष्टि करता है। बताता है कि ओटावा ने हमें हमारे अधिकारियों और राजनयिकों के खिलाफ कोई सबूत पेश नहीं किया है। एमईए ने भारत-कनाडा संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए ट्रूडो के उदासीन व्यवहार को भी जिम्मेदार ठहराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार रात ट्रूडो की टिप्पणी के जवाब में एक आधिकारिक बयान में कहा, आज हमने जो सुना है, वह केवल उस बात की पुष्टि करता है जो हम लगातार कहते आ रहे हैं। कनाडा ने हमें अपने गंभीर आरोपों के बदले में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं।

उन्होंने आगे कहा, इस लापरवाही भरे बर्ताव से भारत-कनाडा संबंधों को जो नुकसान हुआ है, उसकी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की है। इससे पहले बुधवार को कनाडा की विदेशी हस्तक्षेप जांच कमिटी के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या को लेकर भारत कनाडा द्वारा लगाए गए आरोपों पर सबूतों मांग रहा है, लेकिन उनकी (ट्रूडो) सरकार ने केवल खुफिया जानकारी दी है, कोई ठोस सबूत नहीं। भारत और कनाडा के बीच संबंधों में खटास तब आई जब ट्रूडो ने पिछले साल कनाडाई संसद में आरोप लगाया कि उनके पास खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया।

भारत ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए उन्हें बेतुका और और इन्हें ट्रूडो के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बताया। कनाडा पर अपने देश में चरमपंथी और भारत विरोधी तत्वों को जगह देने का आरोप भी लगाया था। निज्जर को भारत की एनआईए ने 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। पिछले साल जून में सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हाल ही में राजनयिक विवाद तब शुरू हुआ जब कनाडा ने निज्जर की मौत की जांच में भारत के उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट करार दिया। भारत ने सोमवार को कनाडा के प्रभारी स्टीवर्ट व्हीलर को तलब करने के कुछ घंटों बाद छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और बताया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को निराधार निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि कनाडा को यह बताया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में, ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने उनके अधिकारियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है और सरकार ने कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

### गरीबी उन्मूलन दिवसः क्या है इस पहल का मुख्य उद्देश्य?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 दिसंबर 1992 को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके बाद हर साल 17 अक्टूबर को विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई। इसका प्रमुख उद्देश्य विकासशील देशों में गरीबी को समाप्त करना है। निर्धनता में जीवन-यापन कर रहे पूरी दुनिया के लोगों और व्यापक समाज के दुखों को लेकर सभी में समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्यों के साथ यह दिवस हर साल बड़े स्तर पर मनाया जाता है। हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस, गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी उन्मूलन दिवस के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस को 17 अक्टूबर को ही मनाए जाने के पीछे गरीबी हटाने को लेकर व्यापक तौर पर किए गए एक प्रयास को उजागर करना लक्ष्य है। संयुक्त राष्ट्र के यूनेस्को के अनुसार विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस का इतिहास दरअसल 17 अक्टूबर 1987 की तारीख से सम्बन्धित है। यह वही तारीख है जिस दिन पेरिस के ट्रोकैडेरो में एक लाख से अधिक लोग एकत्रित हुए थे और वर्ष 1948 में किए गए मानवाधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा के तहत अत्यधिक गरीबी, हिंसा और भूख के परेशान लोगों के लिए एक साथ आवाज उठाई थी।

### पीएम मोदी ने भाजपा सीईसी की बैठक में महाराष्ट्र के उम्मीदवारों को लेकर किया विचार-मंथन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श करने के लिए बुधवार को भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में हुई सीईसी की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी.एल. संतोष, सत्यनारायण जटिया, इकबाल सिंह लालपुरा और सर्बानंद सोनोवाल सहित समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, महाराष्ट्र के चुनाव सह-प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले सहित महाराष्ट्र भाजपा कोर ग्रुप के अन्य कई महत्वपूर्ण नेता भी बैठक में मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को हुई बैठक में महाराष्ट्र की 120 के लगभग विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श किया गया है। बताया जा रहा है कि भाजपा राज्य में 155-165 सीटों पर अकेले लड़ने की तैयारी कर रही है और बाकी सीटें गठबंधन के सहयोगियों के लिए छोड़ना चाहती है। राज्य में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं। महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन की ही सरकार है। भाजपा वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के साथ मिलकर राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को ही महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी।

### फिल्मी पर्दे से सियासत में एंट्री, महाराष्ट्र चुनाव से पहले एक्टर सयाजी शिंदे अजित पवार की एनसीपीमें हुए शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्मी दुनिया के मशहूर एक्टर सयाजी शिंदे ने आज राजनीति के मैदान में कदम रख लिया। उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार गुट का दामन थामते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की। सियासत में उनकी एंट्री महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पहले हुई है ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या वह सूबे में होने वाले विधानसभा चुनाव में बतौर उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। राजनीति में शामिल होने के बाद सयाजी शिंदे ने कहा, मैंने फिल्मों में कई बार राजनेताओं की भूमिका निभाई है लेकिन अब तक असल में नेता नहीं बना था। फिल्मों में अपने दमदार किरदारों और सशक्त अभिनय के लिए जाने जाते हैं सयाजी शिंदे अब अपनी छवि का इस्तेमाल महाराष्ट्र की सियासत में करेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वे हमेशा से ही समाज सेवा और राजनीति में रुचि रखते थे लेकिन अब जाकर उन्हें सही समय और मंच मिला है। एनसीपी के अजित पवार गुट से जुड़ने पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी उनके विचारों और सिद्धांतों के करीब है और वे इसके माध्यम से जनहित के काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिंदे के एनसीपी में शामिल होने पर अजित पवार ने कहा कि एक्टर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के स्टार प्रचारक होंगे।

# राहुल गांधी वाल्मीकि मंदिर जाने का ढोंग कर रहे, आरक्षण विरोधी रहा है कांग्रेस का इतिहासः भाजपा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की है। भाजपा ने राहुल गांधी के वाल्मीकि मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करने को ढोंग बताते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस का इतिहास ही आरक्षण विरोध का रहा है। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज वाल्मीकि जयंती है। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी वाल्मीकि मंदिर जाने का ढोंग कर रहे हैं, इसलिए फिर एक बार कांग्रेस के आरक्षण विरोधी इतिहास को दोहराना जरूरी है। राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि वह आरक्षण हटा देंगे। ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। नेहरू गांधी परिवार पर आरक्षण विरोधी होने का बड़ा आरोप लगाते हुए मालवीय ने आगे कहा, जवाहर लाल नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। नेहरू ने जीवन भर डॉ. अंबेडकर के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें लोकसभा चुनाव में हराने के लिए हर तरह से साजिश रची। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। राजीव गांधी ने 1985 में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को बुद्धू कहा था। उन्होंने आगे कहा कि राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में ओबीसी आरक्षण का पुरजोर विरोध किया। वर्ष 2004-2010 के बीच, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में मुस्लिमों को आरक्षण देने के लिए 4 प्रयास किए। इसे ओबीसी कोटा से अलग कर दिया और इस तरह ओबीसी को उनके उचित अधिकार से वंचित कर दिया। कांग्रेस ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी इसी तरह के कदम उठाए थे। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अब मुसलमानों को ओबीसी सूची में शामिल कर लिया है। कांग्रेस सरकार ने 2010 में ओबीसी की केंद्रीय सूची में ओबीसी श्रेणी के तहत कुछ मुस्लिम समुदायों को आरक्षण प्रदान किया। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल में जामिया मिलिया और एएमयू जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिससे पिछड़ों को आरक्षण देने से इनकार कर दिया गया। वहीं 93वें संवैधानिक संशोधन (2005) के तहत अल्पसंख्यक संस्थानों को आरक्षण प्रदान करने से छूट दी गई। इस एक कदम से सैकड़ों संस्थानों से पिछड़े समुदायों के अधिकार छीन लिए गए।

# क्या सभी मुफ्त की सरकारी योजनाएं बंद हो जाएंगी? सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई एक और चायिका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चाहे बस यात्रा हो या फिर राशन की व्यवस्था। हर राज्य में होने वाले चुनाव के समय राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी योजनाओं को फ्री में देने का ऐलान किया जाता है। जब राजनीतिक दल की चुनाव में जीत होती है तो मुफ्त की सरकारी योजनाओं को राज्य में लागू भी किया जाता है। देश के कई राज्य ऐसे हैं, जहां इस समय जनता के लिए फ्री योजनाएं चल रही हैं। हालांकि, अब ऐसी चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है कि देश के कई राज्यों में चल रही सभी मुफ्त की सरकारी योजनाएं बंद हो जाएंगी। आइये जानते हैं क्या सही में ऐसा कुछ होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव के दौरान फ्रीबीज (चुनावी रेवड़ियों) के वादे को लेकर एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि चुनावों के दौरान किसी भी तरह के फ्री वादे को रिश्वत करार दिया जाए। साथ ही चुनाव आयोग को इलेक्शन के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा की जाने वाली मुफ्त योजनाओं के वादे को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही पीठ ने इस याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ जोड़ दिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता को छूट देते हुए कहा कि वो सभी याचिकाओं पर जल्द सुनवाई के लिए अनुरोध कर सकता है।

देश में बीते कुछ समय में चुनाव के समय फ्री योजनाओं को देने की मांग ने जोर पकड़ा है। लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनावों तक इसकी गूंज सुनाई दी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने कुछ यूनिट फ्री बिजली और मुफ्त पानी देने का वादा किया। इसके अलावा कांग्रेस ने भी कई राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान इसी तरह के वादे किए। वहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी मुफ्त सरकारी योजनाएं चल रही हैं। फ्रीबीज (चुनावी रेवड़ियों) के वादे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पहले से ही कई याचिकाएं लंबित हैं। पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना, पूर्व सीजेआई जस्टिस यूयू ललित की पीठ पहले ही फ्रीबीज मामले में सुनवाई कर चुकी है। हाल ही में डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस मामले में सुनवाई की है।

# पांच वर्ष में 200 फीसदी बढ़े नोएडा-ग्रेनो में प्रॉपर्टी के दाम, यूपी की शो विंडो में कई परियोजनाएं ठप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूपी के शो विंडो बन चुके नोएडा और ग्रेनो में पांच वर्ष में प्रापर्टी की कीमतों में 200 फीसदी तक उछाल आया है। पिछले पांच वर्ष में लांच हुई परियोजनाओं की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। हालांकि आधे दशक में सबसे ज्यादा कीमतों में बढ़ोत्तरी होने वाले देश टॉप-10 शहरों में गुरुग्राम अव्वल है। यहां सबसे अधिक 260 फीसदी उछाल दर्ज किया गया है। सबसे कम कीमत मुंबई में बढ़ी है, यहां 37 फीसदी की बढ़त मिली है। हालांकि प्रति वर्गफीट कीमतों की बात करें तो मुंबई इस दृष्टि से सबसे महंगा है। यहां औसत कीमत 35500 रुपये प्रति वर्गफीट है। इसके बाद गुरुग्राम में 19500 रुपये प्रति वर्ग फीट और नोएडा में 16 हजार रुपये प्रति वर्ग फीट है। एक रियल एस्टेट फर्म के सर्वे आंकड़े के अनुसार वर्ष 2019 में औसतन 3810 रुपये प्रति वर्गफीट की कीमत पर ग्रेटर नोएडा में मिलने वाले घर की कीमत वर्ष 2024 में 8403 रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है। ऐसे ही नोएडा में पांच वर्ष पहले घर की औसत कीमत 6500 रुपये प्रति वर्गफीट तक थी, जो बढ़कर 16 हजार रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है। गुरुग्राम में 2019 में हाउसिंग की औसत कीमतें 7500 रुपये प्रति वर्गफीट थी जो 2024 में बढ़कर 19500 रुपये प्रति वर्ग फीट पर पहुंच गई हैं। इसके पीछे बुनियादी सुविधाओं का विकास, एनआरआई की बढ़ती रूचि, हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल को बढ़ा कारण माना गया है। इसके अलावा स्टॉक मार्केट में मुनाफा हासिल करने वालों द्वारा रियल एस्टेट में निवेश और घर खरीदने की चाह के साथ ही लग्जरी घरों की ओर झुकाव ने कीमतों को उछाल दिया है। आठ वर्ष में 17 फीसदी परियोजनाओं का रुका काम कीमतों में उछाल का आलम उस दौर में है, जब यहां परियोजनाओं का काम तय समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टियर-1 में ग्रेटर नोएडा में सबसे ज्यादा 74,645 यूनिटों का काम रुका हुआ है। पहले हुए सर्वे में पाया गया था कि ग्रेटर नोएडा में सबसे ज़्यादा 17 फीसदी यूनिटों का काम रूका हुआ है। इसमें 167 परियोजनाओं में 74,645 युनिटों का काम आठ वर्ष में पूरा नहीं पूरा नहीं हो पाया है।

# दिल्ली में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ने किया विश्व खाद्य दिवस का आयोजन, पौष्टिक खाद्य पदार्थ पर दिया जोर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित विश्व खाद्य दिवस समारोह में 'बेहतर जीवन के लिए पौष्टिक खाद्य पदार्थ' विषय पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर और दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन के कार्यकारी मेयर हिल-लुईस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। केप टाउन के कार्यकारी मेयर जियोर्डिन हिल-लुईस ने कहा, नई दिल्ली में आयोजित सुलभ इंटरनेशनल के विश्व खाद्य दिवस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आना मेरे लिए सम्मान की बात है। केप टाउन शहर के कुछ विचारों और अनुभवों को साझा करना एक वास्तविक विशेषाधिकार रहा है, जहां मैं मेयर हूं। हम किस तरह से अपने शहर में फूड रिजिलिएंस और भूख से संबंधित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे हैं। हमने बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने आगे कहा, अभी भी इस यात्रा पर बहुत कुछ सीखना है। हां, मैंने आज पहली बार इसके बारे में सुना है और मैंने यहां किसानों की सहायता के लिए कुछ कार्यक्रम देखे हैं, जो बहुत सकारात्मक लगते हैं और हम केपटाउन और दक्षिण अफ्रीका में कुछ सीख सकते हैं। जियोर्डिन हिल-लुईस ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में भी हमारी यही समस्याएं हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और वे बहुत गरीब हैं। इसलिए अगर हम इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ऊपर उठाने के लिए कुछ कर सकते हैं तो यह दक्षिण अफ्रीका और केप टाउन में हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम इससे कुछ सीख सकते हैं, इसलिए जिस शहर का मैं नेतृत्व करता हूं। वहां, हमारे पास कृषि के बहुत कम क्षेत्र हैं। हमारे पास शहर के अंदर थोड़ी बहुत ही खेती है, लेकिन हमारा ध्यान स्वच्छता और सफाई पर है, जो हमारी यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। भारत में जो कुछ भी हो रहा है, उसे हम बहुत ही गंभीरता के साथ लेते हैं क्योंकि भारत सरकार ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में जो प्रगति की है, उसे ही हमें हासिल करना है। कार्यक्रम में मौजूद सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन की उपाध्यक्ष आभा कुमार ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि विश्व खाद्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन बेहतर जीवन के लिए पोषक खाद्य पदार्थों पर ध्यान केंद्रित करते हुए किया गया है। आभा कुमार ने आगे कहा, सुलभ इंटरनेशनल पहले से ही 54 स्थानों पर स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम कर रहा है। हमने खाद्य क्षेत्र में भी काम करना शुरू कर दिया है। महाराष्ट्र के गांवों में महिला किसानों के साथ मिलकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए भी काम किया जा रहा है।

फुटबाल:

# इंग्लैंड फुटबाल टीम के नए कोच बने थॉमस



**लंदन, एजेंसी।** वह स्वेन गोरान एरिक्सन और फैबियो कापेलो के बाद इंग्लैंड के तीसरे विदेशी कोच होंगे। उन्हें अमेरिका में 2026 में होने वाले फीफा विश्वकप तक मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गई है। पेरिस सेंट जर्मेन, चेल्सी, बायर्न म्यूनिख जैसे क्लबों के कोच रह चुके जर्मनी के थॉमस ट्यूशेल इंग्लैंड फुटबाल टीम के नए मुख्य कोच होंगे। ट्यूशेल यूरोपियन चैंपियनशिप के फाइनल में हारने वाली इंग्लैंड टीम के कोच गारेथ साउथगेट की जगह लेंगे।

वह स्वेन गोरान एरिक्सन और फैबियो कापेलो के बाद इंग्लैंड के तीसरे विदेशी कोच होंगे। उन्हें अमेरिका में 2026 में होने वाले फीफा विश्वकप तक मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गई है। ट्यूशेल ने कहा, मैं तुरंत ही समझ गया, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उनकी कोशिश रहेगी कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों के जर्सी पर दूसरा स्टार (दूसरी बार विश्व विजेता बनना) लगे। इंग्लैंड ने एकमात्र बार 1966 में विश्वकप जीता है।

## सार समाचार

### इगा स्वियाटेक ने विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने अगले महीने रियाद में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स से पहले विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त करने की घोषणा की है।

फिसेट, स्वियाटेक के पहले गैर-पोलिश कोच और साथ ही उनके करियर के शीर्ष स्तर पर तीसरे कोच बने। इगा स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मैं एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विम फिसेट हमारी टीम में शामिल हो रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं, मैं डब्ल्यूटीए फाइनल्स की तैयारी कर रही हूं, लेकिन मेरा दृष्टिकोण हमेशा की तरह है काफी आगे तक का है, न कि शॉर्ट टर्म। मैंने कई बार कहा है कि मेरा करियर मेरे लिए मैराथन है, स्प्रिंट नहीं और मैं इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही हूं, संचालन कर रही हूं और निर्णय ले रही हूं। पोस्ट में लिखा गया है, मैं यह कहना चाहती हूं कि मैं विम के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ऐसा लगता है कि उनके पास टेनिस के शीर्ष स्तर पर एक शानदार दृष्टिकोण, दूरदर्शिता और अच्छा अनुभव है। एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने की कोशिश करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं जल्द ही प्रतिस्पर्धा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। विक्टरोव्स्की से पहले, स्वियाटेक को 2016 से पिओट्र सिर्जपुटोव्स्की द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।

44 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने पहले किम क्लिस्टर्स, सिमोना हालेप, विक्टोरिया अजारेंका, एंजेलिक कर्बर और नाओमी ओसाका के साथ काम किया है। फिसेट स्वियाटेक के करियर के शीर्ष स्तर पर तीसरे कोच और उनके पहले गैर-पोलिश कोच बन गए हैं। विक्टरोव्स्की से पहले, स्वियाटेक को 2016 से 2021 के अंत तक पिओट्र सिर्जपुटोव्स्की ने प्रशिक्षित किया था, एक ऐसा दौर जिसने उन्हें डब्ल्यूटीए टूर पर सफलता दिलाई और 2020 में रौलां गैरो में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। पोल ने यूएस ओपन में जेसिका पेगुला के हाथों क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और आने वाले हफ्तों में उनकी विश्व नंबर 1 रैंकिंग को आर्यना सबालेंका से खतरा होगा।

### दिल्ली कैपिटल्स में सौरव गांगुली का प्रमोशन, मिल गई सबसे बड़ी जिम्मेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार सौरव गांगुली को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। गांगुली आईपीएल में जेएसडब्ल्यू की टीम दिल्ली कैपिटल्स से 2019 में सलाहकार के तौर पर जुड़े और कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया। इसके बाद में वह कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक बने। बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटने के बाद वह एक बार फिर फ्रेंचाइजी से जुड़ गए थे। सौरव गांगुली ने अपनी नई भूमिका के बारे में यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मैं जेएसडब्ल्यू समूह और जिंदल परिवार को व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर जानता हूं जिससे यह फैसला लेना आसान हो गया। मुझे खुशी है कि क्रिकेट से जुड़े उनके प्रोजेक्ट में मेरा अनुभव दे सकता हूं। जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, 'दादा के जैसी क्रिकेट की समझ बिरलों में होती है और हमें खुशी है कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन का हमें फायदा मिलेगा। अब वह निदेशक के तौर पर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में क्रिकेट से जुड़ी हर चीज के प्रमुख होंगे।' जेएसडब्ल्यू की आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के अलावा दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम है।



कोहली ने डिविलियर्स के लिए लिखा लेटर

## आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर बताया सबसे टैलेंटेड क्रिकेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के लिए लेटर लिखा है।

कोहली ने यह लेटर डिविलियर्स के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने के बाद लिखा। डिविलियर्स को बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में इंग्लैंड के दिग्गज एलिस्टेयर कुक और भारत की नीतू डेविड के साथ शामिल किया गया है। यह लेटर आईसीसी ने जारी किया है, इसमें कोहली ने द्धक्क टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अपने पूर्व साथी की जमकर तारीफ की है। कोहली ने लिखा, आप अपने इस जगह के पूरी तरह हकदार हैं

आखिरकार, हॉल ऑफ फेम खेल पर आपके इम्पैक्ट का प्रतिनिधित्व करता है और आपका योगदान वाकई शानदार रहा है। लोग हमेशा आपकी क्षमता के बारे में बात करते रहे हैं और यह सही भी है। आप सबसे टैलेंटेड क्रिकेटर हैं जिनके साथ मैंने खेला, आप निश्चित रूप से नंबर एक हैं।

# बेंगलुरु में रोहित सेना का शर्मनाक रिकॉर्ड

## 5 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता, भारत 46 रनों पर ढेर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए आज किसी बुरे सपने की तरह रहा। उसे बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में न्यूजीलैंड ने सिर्फ 46 रनों पर ढेर कर दिया है। यह उसका भारत में खेले गए किसी भी टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर है, जबकि ओवर ऑल तीसरा सबसे छोटा स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने लंच तक छह विकेट 34 रन पर गंवा दिए थे, जबकि इसके बाद पंत आउट हुए और फिर टीम लगातार विकेट गंवाती रही। रोचक बात यह है कि न्यूजीलैंड ने इस पारी में सिर्फ 3 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और तीनों ही तेज गेंदबाज थे।

इससे पहले मैच के ऑफिशल दूसरे दिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो उनकी टीम के लिए सबसे बुरा साबित हुआ। ओवरकास्ट कंडीशन में कीवी गेंदबाजों ने पहले ही घंटे में भारत के शीर्षक्रम की धज्जियां उड़ा दी। बारिश रूकने के बाद खेल शुरू होने पर यशस्वी जायसवाल (13) का विकेट भारत ने गंवाया। रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने पवेलियन भेजा जबकि युवा विलियम ओ राउरकी ने विराट कोहली (0) का विकेट लिया। सरफराज खान (0) तीन गेंद और केएल राहुल ((0) छह गेंद तक टिक सके। रविंद्र जडेजा खाता खोले बिना लौट गए।

भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा स्कोर ऋषभ पंत के नाम है। उन्होंने 49 गेंदों में 20 रन बनाए, जबकि 2 चौके उनके बल्ले से निकले। उनके अलावा दहाई का आंकड़ा पार करने वाले यशस्वी जायसवाल दूसरे



बल्लेबाज रहे। उन्होंने सिर्फ 13 रन बनाए। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 15 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि विलियम आ राऊरके ने 22 रन देकर 4 विकेट झटके।

भारतीय पारी में 5 बल्लेबाज ऐसे रहे, जो खाता ही नहीं खोल सके। किकेट के किंग कहे जाने वाले विराट कोहली शून्य पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे, जबकि सरफराज खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन भी बिना स्कोर किए पवेलियन लौट गए। विराट को विलियम ओ राउरकी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया, जबकि उन्हीं की गेंद पर केएल राहुल को टॉम ब्लंडेल ने कैच किया। रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को दो लगातार गेंदों पर मैट हेनरी ने आउट किया।

### भारतीय टीम का टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर-टॉप-10

**भारत में**

- न्यूजीलैंड के खिलाफ 31.2 ओवर में 46 रन, बेंगलुरू 2024
- वेस्टइंडीज के खिलाफ 30.4 ओवर में 75 रन, दिल्ली 1987
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में 76 रन, अहमदाबाद 2008
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 ओवर में 83 रन, मोहाली 1999
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 33.3 ओवर में 88 रन, मुंबई 1965

**विदेश में**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.2 ओवर में 36 रन, एडीलेड 2020
- इंग्लैंड के खिलाफ 17 ओवर में 42 रन , लॉडर्स 1974
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.3 ओवर में 58 रन, ब्रिसबेन 1947
- इंग्लैंड के खिलाफ 21.4 ओवर में 58 रन, मैनचेस्टर 1952
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34.1 ओवर में 66 रन, डरबन 1996

## आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत नहीं होंगे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी 2025 संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी नहीं करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली को नए कप्तान की तलाश है और ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी पंत की जगह लेने की कतार में हैं जिन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, हां, दिल्ली कैपिटल्स को नए कप्तान की तलाश हो सकती है। संभावना है कि भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल नए कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं, या फ्रैंचाइजी आईपीएल नीलामी (नवंबर के मध्य में विदेश में होने वाली) में किसी ऐसे व्यक्ति पर नजर रख सकती है जो कप्तानी के लिए उपयुक्त हो। सूत्र ने कहा, पंत फ्रैंचाइजी के शीर्ष रिटेंशन के लिए तैयार हैं। यह सिर्फ इतना है कि डीसी के नेतृत्व समूह को लगता है कि कप्तानी के दबाव के बिना वह बेहतर स्थिति में हैं।



पंत 2016 से आईपीएल में डीसी के साथ जुड़े हुए हैं। वह फ्रैंचाइजी के लिए आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कैप्ड खिलाड़ी हैं और कैश-रिच लीग में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। मार्च 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में भारत के लिए खेलते समय लगी चोट के कारण श्रेयस अय्यर के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पंत को 2021 में डीसी का कप्तान नियुक्त किया गया था।

कप्तान के रूप में पंत के पहले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर रही, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दोनों क्वालीफायर मैच हारने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।

आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले पंत को डीसी ने 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उन्होंने 2022 संस्करण में फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया, जहां दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही।

30 दिसंबर 2022 को एक सड़क दुर्घटना में लगी कई चोटों के कारण वह 2023 संस्करण से चूक गए। वह आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापस लौटे और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में सीजन समाप्त किया, लेकिन टीम एक बार फिर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।

इंग्लैंड-पाकिस्तान टेस्ट

# पाकिस्तान के साजिद खान ने लिए 7 विकेट



**मुल्तान, एजेंसी।** मुल्तान में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 291 रन पर ऑल ऑउट हो गई है।

पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने कुल 7 विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 366 रन बनाए थे। पहली पारी के आधार पर पाकिस्तान ने 75 रन की बढ़त हासिल की। यह बढ़त पाकिस्तान की सीरीज में वापसी करा सकती है। इंग्लैंड ने बुधवार को स्टंप्स तक पहली पारी में 6 विकेट पर 239 रन बनाए थे। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक जेमी स्मिथ 12 और ब्रायडन कार्स 2 रन पर नाबाद लौटे थे।

वहीं तीसरे दिन इंग्लैंड ने 239 के स्कोर से आगे खेलते हुए 9 रन जो?ने के बाद अपना सातवां विकेट गंवा दिया। साजिद खान ने तीसरे दिन पाकिस्तान को पहले सत्र में सफलता दिलवाई। उन्होंने 248 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के बैटर ब्रायडन कार्स को साउद शकील के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा।

कार्स के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए मैथ्यू पॉट्स भी 256 के स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें भी साजिद खान ने बोल्ड किया। वहीं जेमी स्मिथ भी 21 रन बना कर पवेलियन लौट गए। उन्हें नोमान अली ने सईम अयूब के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा। साजिद खान ने 291 के स्कोर पर शोएब बशीर को शान मसूद के हाथों कैच करा इंग्लैंड की पारी को समाप्त किया।

बेन डकेत ने शतक बनाया इंग्लैंड के लिए बेन डकेट शतक लगाकर आउट हुए। उन्होंने 129 बॉल पर 114 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर की यह चौथी सेंचुरी है। उनके अलावा जो रूट ने 34 रन बनाए। नोमान अली को 2 विकेट मिले है।

आईपीएल 2025:

# भारत में नहीं यहां पर होगी आईपीएल के अगले सीजन की नीलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा ऑक्शन के वेन्यू और डेट लगभग फाइनल हो चुके हैं। स्पोर्टस्टार के अनुसार माना जा रहा है कि यह मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में आयोजित की जाएगी।

पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी दुबई, यूएई में हुई थी, लेकिन इस बार यह एक अलग शहर में होगी। यह पहली बार होगा जब आईपीएल की नीलामी रियाद या सऊदी अरब के किसी अन्य शहर में होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मेगा नीलामी के



बारे में फेंचाइजियों के साथ अनौपचारिक रूप से एक कार्यक्रम साझा किया है, लेकिन अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है। बोर्ड द्वारा कुछ दिनों में इसकी घोषणा किए जाने की उम्मीद है। लंदन और सिंगापुर भी इन नीलामी की मेजबानी करने की दौड़ में थे, लेकिन प्रसारण के लिए अनुकूल समय के कारण सऊदी अरब के नाम पर विचार किया गया। आईपीएल नीलामी के प्रसारण से भी रेवेन्यू जनरेट होता है और इसे देखते हुए ही सऊदी अरब का चयन किए जाने की पूरी उम्मीद है।

कुछ सूत्रों से पता चला है कि बीसीसीआई और आईपीएल अधिकारी नीलामी की जगह को अंतिम रूप देने के अंतिम चरण में हैं, जिसमें दस फेंचाइजियों और प्रसारणकर्ता डिज्नी, स्टार और जियो के दल सहित विशाल प्रतिनिधिमंडल को शामिल किया जा सके। यहां पर प्रतिनिधिमंडल के तीन दिन तक रुकने की संभावना है और नीलामी दो दिन तक चलेगी। यह उन सभी फ्रैंचाइजियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा जो आने वाले सीजन के लिए एक ठोस टीम चुनना चाहते हैं।

फ्रेंचाइजी बीसीसीआई द्वारा स्थल और तिथियों के बारे में औपचारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द लॉजिस्टिक मुद्दों को सुलझाया जा सके। बोर्ड कुछ दिनों में टीमों को आधिकारिक सूचना दे सकता है।

## आईपीएल-2025 में भी हैदराबाद के कोच नहीं रहेंगे डेल स्टेन

**हैदराबाद, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन आईपीएल-2025 में भी सनराइजर्स हैदराबाद के साथ काम नहीं करेंगे, हालांकि वे सनराइजर्स ईस्टर्न के साथ जुड़े रहेंगे।

41 साल के तेज गेंदबाज ने बुधवार रात एक सोशल पोस्ट में लिखा- गेंदबाजी कोच के रूप में मेरे साथ कुछ साल के लिए सनराइजर्स हैदराबाद का आभार। दुर्भाग्य से मैं आईपीएल के लिए भी वापस नहीं आऊंगा। हालांकि, मैं साउथ अफ्रीका में टी-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ काम करना जारी रखूंगा।



स्टेन पिछले सीजन में निजी कारणों से उपलब्ध नहीं थे। फ्रेंचाइजी ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फ्रैंकलिन को अपना गेंदबाजी कोच बनाया था। आईपीएल 2024 में रनरअप रही थी स्क्रा सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2024 के फाइनल में पहुंची थी, हालांकि टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 विकेट की पराजय झेलनी पड़ी थी।

स्टेन आईपीएल की विभिन्न टीमों के लिए खेल चुके हैं 2022 में स्क्रा के गेंदबाजी कोच बनने से पहले स्टेन ने आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात लायंस का प्रतिनिधित्व किया था।

# अंतर्राज्यीय महा दंगल में पहले दिन दिल्ली के भीम पहलवान ने शैतान पहलवान को हराया

पन्ना

शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर दो दिवसीय अंतर्राज्यीय महा दंगल के पहले दिन 16 अक्टूबर को पन्ना जिले के लगभग आधा सैकड़ा पहलवानों के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान एवं जम्मू कश्मीर के पहलवानों के बीच मुकाबले हुए, पन्ना के कई पहलवानों ने बाजी मारी सबसे बड़ी कुश्ती आर्मी के चंदन पाण्डेय उर्फ भीम पहलवान दिल्ली और शैतान पहलवान राजस्थान के बीच हुई जिसमें भीम पहलवान ने शैतान पहलवान को 5 मिनट के मुकाबले में परास्त कर विजय हासिल की, दूसरे मुकाबले में जम्मू कश्मीर के रिजवान गनी ने रॉकी पहलवान दिल्ली को पराजित किया, इस प्रकार कुश्ती के कई मुकाबले हुए आखिरी कुश्ती रायबरेली की महिला पहलवान नीलम और चित्रकूट के पुरुष पहलवान कुंज बिहारी के बीच हुई जिसमें दोनों बराबरी पर रहे।



कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजपूत ने बताया कि आज 17 अक्टूबर को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के कई महिला एवं पुरुष पहलवानों के मुकाबले होंगे।

कार्यक्रम में संतोष सिंह यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष, ध्रुव सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, करण सिंह राजपूत पूर्व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, राम शिरोमणि लोधी पूर्व सैनिक एवं सरपंच दिया, नत्थू सिंह यादव जिला अध्यक्ष यादव महासभा, रुद्र प्रताप सिंह यादव जिला संघ चालक आरएसएस, उदय राज सिंह बघेल जिला कार्यवाह, देवेंद्र सिंह राजपूत सह जिला कार्यवाह, सूर्यभान सिंह परमार इतिहासकार एवं पूर्व थाना प्रभारी, रामकिशोर अहिरवार जिला अध्यक्ष बीबीएसएस, विमला अहिरवार बुंदेली गायिका, लक्ष्मी यादव, महेंद्र यादव विद्यार्थी सहित लगभग सैकड़ा भर आमंत्रित अतिथि एवं हजारों की संख्या में दर्शन उपस्थित रहकर पहलवानों का हौसला बढ़ाते रहे।

दंगल के दौरान 10 हजार से अधिक भीड़ उपस्थिति रही पहलवानों के बीच होने वाले शानदार मुकाबला के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पन्ना कोतवाली पुलिस टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी, दंगल कमेटी की टीम भी व्यवस्था में लगी रही कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिराम यादव के द्वारा की गई कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजपूत ने बताया कि 17 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है क्योंकि कुश्ती के मुकाबले के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## वरिष्ठ शिक्षक सेतुबन्धु चौरसिया पंचतत्व में विलीन

**सलेहा।** सेतुबन्धु चौरसिया निवासी पटना तमोली का बुधवार को शाम में देहावसान हो गया जिससे समाज को एक महान व्यक्तित्व की क्षति हुई है। वे एक समर्पित शिक्षक थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। चौरसिया जी का जीवन केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य भी थे, जहाँ उन्होंने अध्यात्मिक जागरण और मानवता की सेवा को बढ़ावा दिया। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनका गहरा जुड़ाव था।

वे वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियानों में भाग लेते रहते थे और समाज में पर्यावरणीय चेतना फैलाने का निरंतर प्रयास करते थे। उनकी जीवनशैली ने कई लोगों को प्रेरित किया। उनके निधन से न केवल उनके परिवार, बल्कि समाज के सभी वर्गों को भारी क्षति पहुँची है। उनकी स्मृतियाँ हमेशा प्रेरणा के रूप में जीवित रहेंगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को यह कठिन समय सहन करने का साहस प्राप्त हो।

# पवई विकासखण्ड के अनेकों विद्यालयों में हुआ हांथ धुलाई दिवस का आयोजन

**पवई।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार 15 अक्टूबर 2024 को पवई विकासखंड के समस्त विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस का आयोजन किया गया। हथकुरी जनशिक्षा केंद्र के विद्यालय शा. माध्यमिक शाला गुड़याना खम्हरिया, शा.माध्यमिक शाला पटोरी एवं शा. उ.मा.वि.हथकुरी पहुँचकर विकासखंड अकादमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी, संकुल प्राचार्य जय कुमार पाण्डेय, जनशिक्षक दिवाकरमणि पटेल एवं मास्टर ट्रेनर सौरभ जैन ने हाथ धुलाई कार्यक्रम में बच्चों के साथ सहभागिता की। श्री तिवारी ने अवलोकन के दौरान स्वच्छता को लेकर बच्चों के साथ संवाद भी किया। अपने उद्बोधन में बच्चों को संबोधित करते हुए संक्रमण से बचने के लिए नियमित ठीक तरह से हाथ धोने की अपील की। उन्होंने बताया कि हेंडवास या साबुन से हाथ धोने से डायरिया, दस्त, पीलिया जैसे रोगों से बचाव हो सकता है। स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मष्तिष्क का निवास होता है अत: हम स्वस्थ रहेंगे, हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम ठीक से पढ़ पाएंगे और आगे बढ़ पाएंगे। कार्यक्रम के दौरान हाथ धोने के छह चरणों, हाथ नहीं धोने से होने वाली बीमारियों और स्वस्थ रहने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को छह चरणों में हेंडवास एवं साबुन से हाथ भी धुलवाए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नियमित हाथ धोने एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।




# पवई शहर में विद्युत चोरी की रोकथाम हेतु चलाया गया मास चेकिंग अभियान



**पवई।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वितरण केंद्र पवई मैं सहायक अभियंता द्वारा गठित टीम के द्वारा 14 अक्टूबर को विद्युत चोरी रोकने हेतु सघन मास चेकिंग अभियान चलाया गया टीम में नियुक्त अजय कुमार प्रजापति कनिष्ठ अभियंता शाह नगर, कुमा रेस मिस्त्री कनिष्ठ अभियंता सिमरिया, सतीश कुमार सैनी कनिष्ठ अभियंता पवई सहित दर्जन भर टीम ने पवई के झंडा बाजार मानस कॉलोनी नन्ही पवई बागरण टोला नयाखेड़ा मोहल्ले में छापामार कार्रवाई की तथा विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत धारा 135 के तहत दर्जनों प्रकरण पंजीबद्ध किए गए विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह चेकिंग अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा मीडिया के माध्यम से उपभोक्ताओं को सलाह दी की बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है जिसमें जुर्माना एव जेल दोनों सजा का प्रावधान है अत: निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति के लिए मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी का सहयोग करें।

## किसान भाई नैनो डीएपी एवं एनपीके खाद का करें उपयोग: कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्तमान में डीएपी उर्वरक की मांग व उपलब्धता के दृष्टिगत जिले के समस्त कृषक भाईयों से डीएपी खाद के स्थान पर नैनो डीएपी एवं एनपीके खाद का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह प्रमाणित है कि रबी फसल के लिए नैनो डीएपी एवं एनपीके खाद का प्रयोग कर भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। कुछ किसानों द्वारा पूर्व में एनपीके का उपयोग कर बढ़िया फसल उत्पादन प्राप्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि डीएपी उर्वरक की मांग के अनुरूप आपूर्ति सुलभ न होने के कारण विकल्प के रूप में नैनो डीएपी खाद तरल रूप में व एनपीके खाद का उपयोग भी डीएपी की तरह कारगर है।

# शरद पूर्णिमा महोत्सव के दृष्टिगत पार्किंग एवं मार्ग डायवर्सन व्यवस्था निर्धारित




**पन्ना।** श्री प्राणनाथ मंदिर पन्ना में शरद पूर्णिमा महोत्सव अंतर्गत आगामी 22 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो के लिए पन्ना पुलिस द्वारा यातायात पार्किंग व ट्रैफिक डायवर्सन प्लान निर्धारित किया गया है, जिसके तहत प्राणनाथ मंदिर जाने वाले सभी श्रद्धालुगण के लिए महेन्द्र भवन चौराहा एवं बड़ी देवी माता मंदिर से प्रवेश मार्ग निर्धारित किया गया है। प्राणनाथ मंदिर से निकलने वाले श्रद्धालुगण सराय मस्जिद चौराहा से होते हुए अपना बाजार, गांधी चौक की तरफ से बाहर आएंगे। महोत्सव में शामिल होने के लिए डायमण्ड चौराहा, मोहन निवास, छतरपुर बायपास होकर अन्य जिले अथवा प्रदेश से आने वाले श्रद्धालु समस्त चार पहिया एवं बसों की पार्किंग बड़ी देवी माता मंदिर के पीछे ग्राउण्ड के अंदर करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चालक महेन्द्र भवन ग्राउण्ड में भी वाहन पार्क कर सकेंगे। लवकुश वाटिका एवं डायमण्ड पब्लिक स्कूल के अंदर भी पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी तरह यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड से आने जाने वाली यात्री बसों का डायवर्सन मार्ग भी निर्धारित किया गया है। अजयगढ़, बृजपुर, पहाड़ीखेरा की तरफ से आने जाने वाली बसें एवं भारी वाहन 22 अक्टूबर तक बस स्टैण्ड जाने के लिए सिटी पोस्ट ऑफिस पन्ना-अजयगढ़ बायपास मार्ग से होते हुए डायमण्ड चौराहा से होकर ब्लॉक तिराहा, बीटीआई तिराहा होते हुए बस स्टैण्ड पहुंचेंगे तथा बस स्टैण्ड से जाने के लिए बेनीसागर तिराहा, अस्पताल तिराहा, ब्लॉक तिराहा, डायमण्ड चौराहा मार्ग से होते हुए आएंगे।

# शिक्षा विभाग के लिपिक मुकेश मोदी का दुखद निधन



**पन्ना।** शहर के बड़ा बाजार जैन मंदिर के पीछे निवासरत शिक्षा विभाग के लिपिक मुकेश मोदी का जबलपुर में उपचार के दौरान 15 - 16 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि को दुखद निधन हो गया है। श्री मोदी लगभग 55 वर्ष के थे श्री मोदी को डेंगू का बुखार चढ़ा जिनकी प्लेटलेट्स डाउन हुई, उन्हें यहां से उपचार के लिए तत्काल जबलपुर ले जाया गया था । मगर उनको बचाने में परिवार के लोग सफल नहीं हुए। श्री मोदी का अंतिम संस्कार पन्ना शहर के मुक्तिधाम में सुबह लगभग 11 से 12रू00 के बीच किया जाएगा।ज्ञात हो कि श्री मोदी प्रतिदिन भगवान श्री जुगल किशोर जी की सुबह प्रात: 7रू00 की आरती करने वाले श्रद्धालुओं में से एक थे। नगर के हर वर्ग के व्यक्तियों से उनका मिलना जुलना बहुत अच्छा था। श्री मोदी के निधन पर पन्ना शहर के गणमान्य नागरिकों पत्रकार बंधु समाजसेवियों व्यापारी बंधुओं ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए ईश्वर से परिवार को इस बज्रपात दुख शहन करने की शक्ति एवं मृतात्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# जिले की 16 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को मिला पुरस्कार

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को जिले के विभिन्न विकासखण्ड अंतर्गत 16 ग्राम पंचायतों को वर्ष 2023 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित होने पर पुरस्कृत किया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच को प्रशस्ति पत्र एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। अब टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों में शानगुरैया, कटर्रा, हरदी, पड़रहा, झुमटा, तिघरा बुजुर्ग, बड़वारा, भिलसांय, डडवरिया, उमरी, बिल्हा, बोरी, शाहपुरकला, पिपरिया कला, मनकौरा और लमतरा शामिल हैं।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रगति कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025 तक भारत से टीबी बीमारी का उन्मूलन किया जाना है। इस क्रम में केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की अवधारणा पर कार्य शुरू किया गया। समन्वित प्रयासों से प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर से टीबी का उन्मूलन सुनिश्चित किया गया था। पन्ना जिले में भी 118 ग्राम पंचायतों को नामांकित कर 26 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की श्रेणी में सत्यापित की गई। राज्य स्तर से मिले निर्देशानुसार एवं पुन: सत्यापन उपरांत 16 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में एवं सभी की भागीदारी से 16 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित हो सकी हैं। कार्यक्रम में जिला क्षय केन्द्र पन्ना से विकास श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, राजेश आरख, रवि जी, अमरेश शर्मा, राकेश सोनी, संतोष मानकर, साई आषीष हेल्थ केयर सेन्टर से डीपीएम राजेन्द्र कुमार लोधी, काउंसर चंदन यादव एवं अनिल राजपूत शामिल रहे।

## 20 अक्टूबर तक होगा सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आगामी 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक जिले के 41 केन्द्रों पर सोयाबीन खरीदी की जाएगी। सोयाबीन उपार्जन का समर्थन मूल्य 4892 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। कृषक आगामी 20 अक्टूबर तक सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से करवाया जा सकता है। पंजीयन के आधार पर ही समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का विक्रय किया जा सकेगा।

# समय पर रबी फसलों की बोवनी के लिए खाद न मिलने से किसान परेशान

**पन्ना।** जिले में खाद रबी सफलों की बोवनी के लिए समय पर न मिलने के हालात चर्चा का विषय बने हुए है। क्योंकि जहां इस समय किसानों को रबी फसल में शासकीय कार्यालयों से जिसमें डीएमओ कार्यालय व शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से या सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि विभाग के द्वारा जो डी.ए.पी. यूरिया खाद की व्यवस्था की जाती थी आखिर उसके पीछे क्या राज है क्यों किसानों को इस समय खाद नहीं मिल पा रही। जबकि मुख्य फसल किसान के लिए रबी की होती है। जिसमें सरसों व चना, जै, मसूर आदि फसलें इस समय बोवनी के लिए महत्वपूर्ण दिन के मान से माना जा रहा है। वहीं किसान खाद के लिए परेशान है चाहे गुनौर हो या देवेन्द्रनगर चर्चा का विषय किसानों को खाद न मिलने के हालात कायम है लम्बी-लम्बी कतारे किसानों की लगी है तो कहीं चक्का जाम के हालात करने को लेकर किसान मजबूर है। जबकि यह व्यवस्था जिले में जिम्मेदार विभागों के विभाग प्रमुख के द्वारा समय पर खाद किसानों को प्रदान करने के लिए जिम्मेदारी का निर्वाहन करने की है जिसमें कृषि विभाग जो खाद की व्यवस्था सम्पूर्ण जिले में प्रदान करने के लिए सुनिश्चित करते है आखिर यह हालात जो कायम है इसका कौन जिम्मेदार है।



किसानों को समय पर रबी सफलों की बोवनी के लिए खाद न मिलने की दास्ता अपने आप में एक सबसे बड़ी समय को लेकर चर्चा को लेकर बनी हुई है। देखना यह है कि रबी सफलों के लिए किसानों को पर्याप्त खाद क्या प्रशासन मुहैया करा पायेगा की नहीं यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। या फिर किसानों की समस्या और भी विकराल रूप धारण करेगी।

# कलेक्टर ने छात्रावासों के सतत निरीक्षण के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तहसीलदार व नायब तसहीलदार को शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित छात्रावासों के निरंतर व औचक निरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में निरीक्षण के दौरान छात्रावास में पदस्थ कर्मचारियों की गतिविधियां, निर्धारित मीनू अनुसार भोजन व्यवस्था, आवास की उचित सुविधा, पेयजल व्यवस्था व साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी के नियंत्रण में माध्यमिक शिक्षा अभियान (रमसा) के तहत कक्षा 9 से 12 के विद्यालयों के लिए तीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास संचालित हैं। अजयगढ़, पन्ना एवं पवई में संचालित छात्रावासों की सीट संख्या 100-100 निर्धारित है। अजयगढ़ में वार्डन सुमन सिंह 9981091499, पन्ना में शारदा सिंह ठाकुर 8819824163 एवं पवई में तरूणा बढ़ौलिया 6265364616 पदस्थ हैं। इसी तरह शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना के नियंत्रण में 100-100 सीट क्षमता के एक-एक बालक/बालिका छात्रावास संचालित हैं। बालक छात्रावास में बतौर वार्डन प्रमोद गंगेले 9131416366 एवं बालिका छात्रावास में डॉ. कल्पना शर्मा 8770588290 पदस्थ हैं। पन्ना जिले में जिला शिक्षा केन्द्र के नियंत्रण में 12 छात्रावासों का संचालन भी किया जा रहा है, जिसके तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पन्ना के 150 सीटर छात्रावास में वार्डन रश्मि पाठक 7898640002, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खोरा के 150 सीटर छात्रावास में वार्डन जानकी देवी 9179166207, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुंवरपुर के 145 सीटर छात्रावास में वार्डन दुर्गा चौरसिया 6264169729, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास कुंजवन के 100 सीटर छात्रावास में वार्डन प्रतिभा गौतम 9826260036, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास रक्सेहा के 100 सीटर छात्रावास में वार्डन वर्षा शर्मा 9406780036, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास गुनौर के 100 सीटर छात्रावास में वार्डन संदिप्ति सिंह 9131100531, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास सलेहा के 50 सीटर छात्रावास में वार्डन रजनी पाण्डेय 9669371831, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास बरियारपुर के 50 सीटर छात्रावास में वार्डन देवरति 7747829721, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास बघवार कला के 50 सीटर छात्रावास में वार्डन त्रिवेणी द्विवेदी 8889143892, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास रैपुरा के 100 सीटर छात्रावास में वार्डन ममता खरे 6261910126, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक छात्रावास पन्ना के 100 सीटर छात्रावास में वार्डन रंजीत सिंह 7987352289 तथा सीडब्ल्यूएसएन 50 सीटर बालक छात्रावास पन्ना में वार्डन राणा प्रताप सिंह 9406742630 की पदस्थापना है।

# डेंगू से बचाव व नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी

**पन्ना।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि डेंगू एडीज नामक मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। यह मच्छर हमारे घर व आसपास साफ और रूके पानी में पनपता है। डेंगू का मच्छर सामान्यत: दिन में काटता है तथा उत्पत्ति स्थल के 400 मीटर के दायरे में सक्रिय रहता है। घर में नमी और अंधेरे वाले स्थान में छुपकर विश्राम करता है। मच्छरों के पनपने का प्रमुख स्थान घर, छत व आसपास विभिन्न प्रकार के खुले पड़े जल पात्र जैसे पानी की टंकी, टायर, गमले, कूलर, मिट्टी के दिए, छत, मटके, पाइप, गड्ढे, मनी प्लांट के पॉट, प्लास्टिक की बोतल, कप, गिलास, टूटा फूटा सामान व खिलौने, कनस्तर और अन्य सामान में भरा साफ पानी इत्यादि है। मच्छर इनमें अंडे देते हैं और 2-3 दिवस में लार्वा निकलने के बाद यह तीन-चार दिन में प्यूपा में बदल कर तीन दिन बाद मच्छर बनकर उड़ जाता है। इस तरह 7 से 12 दिवस के भीतर मच्छर अपना उत्पत्ति चक्र साफ और रूके पानी में पूर्ण करते हैं। इनकी रोकथाम के लिए जल पात्रों में रखा पानी तत्काल खाली करना चाहिए। नियमित रूप से 7 दिवस के भीतर जल पात्रों में भरा पानी भी खाली करना जरूरी है।

डेंगू संक्रमित व्यक्ति को प्रारंभिक स्तर पर कमजोरी, तेज बुखार, सिर व हाथ पैर में दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसके पश्चात मरीज के शरीर व आंख में रक्त के चक्कते दिखना अथवा नाक, मसूड़े या अन्य स्थान से रक्तस्राव होने तथा उल्टी के लक्षण दिखाई देते हैं। इस स्थिति में उपचार में विलंब नहीं करना चाहिए। इससे मरीज गंभीर हो सकता है और चक्कर आने, मूर्छित होना अथवा सॉक में चले जाने की स्थिति बन सकती है। उक्त लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार लेना चाहिए। एडीज मच्छर डेंगू मरीज को काटने पर संक्रमित होकर अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को काटकर डेंगू बीमारी का प्रसार करते हैं। इससे स्वस्थ्य व्यक्ति डेंगू से बीमार हो जाता है। डेंगू के लक्षण मिलने पर बगैर चिकित्सकीय परामर्श के कोई भी दवा विशेषकर दर्द निवारक दवा का सेवन नहीं करना चाहिए। बुखार होने पर उम्र अनुसार उचित मात्रा में पैरासीटामोल की दवा ली जा सकती है। संभावित डेंगू के लक्षण पर झोलाछाप व अप्रशिक्षित तथा अवैध उपचार करने वालों से इलाज नहीं कराना चाहिए। इससे स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ सकती है। डेंगू होने पर डरने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अनावश्यक दवा व भ्रांतियों से बचना चाहिए। संभावित रोगी को तत्काल चिकित्सालय और स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी जांच कराना जरूरी है, जिससे समय पर डेंगू संक्रमण की पहचान कर उपचार किया जा सके तथा प्रभावित क्षेत्र में नियंत्रण कार्यवाही भी हो सके।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में सलाह दी गई है कि डेंगू के प्रसार को रोकने व बचाव के लिए अपने घर व आसपास अनावश्यक पानी जमा नहीं होने दें तथा खुली टंकियों को ढंककर रखें। अनावश्यक कबाड़ का सामान नष्ट कर दें और उनमें पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में एक बार आवश्यक रूप से टंकी, मटके व कूलर एवं अन्य जल पात्रों में भरा पानी बदलना चाहिए। अनुपयोगी जल पात्रों में भरा पानी नहीं बदल सकने की स्थिति में उनमें मिट्टी का तेल, खाने का तेल या गाड़ियों से निकला ऑयल डालने से मच्छर के लार्वा और प्यूपा नष्ट हो जाते हैं। जांच में डेंगू की पुष्टि होने पर मरीज को पूर्ण उपचार के साथ फलों का रस, नारियल पानी, दाल का पानी, ओआरएस का घोल तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शीघ्र लाभ मिलता है। मच्छरों से बचाव के लिए पूरे बांह के कपड़े पहनने चाहिए। दिन में मॉस्कीटो रिपेलेंट और मच्छर रोधी क्रीम व अगरबत्ती का उपयोग करना चाहिए। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग भी करें।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 | 8

रीवा में हुआ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचालक, 10 हजार स्वयं सेवकों ने लिया भाग, शहर भर में हुआ भ्रमण। चित्र उसी अवसर का।



# पीएम 20 अक्टूबर को वर्चुअली करेंगे रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण

## रीवा एयरपोर्ट के निर्माण से विन्ध्य के विकास को मिलेगा नया आयाम

**रीवा।** आवागमन के साधनों में हवाई सेवा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। रीवा में अब तक चोरहटा में हवाई पट्टी है जिसमें हेलीकाप्टर तथा छोटे विमान ही उतर सकते हैं। इसके विस्तार और रीवा एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को बनारस से वर्चुअली रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। रीवा में लोकार्पण समारोह की तैयारियाँ तेजी से की जा रही हैं। रीवा एयरपोर्ट के निर्माण से रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य के विकास को नया आयाम मिलेगा। हवाई सेवा की सुविधा से विन्ध्य में औद्योगिक विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों, पर्यटन, कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।





रीवा की चोरहटा हवाई पट्टी का विस्तार करके रीवा एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है। रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास 15 फरवरी 2023 को किया गया था। इसके निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण द्वारा लगभग डेढ़ साल में रीवा एयरपोर्ट का निर्माण का कार्य पूरा कर दिया गया है। निर्माण के लिए 323 एकड़ जमीन भारतीय विमान प्राधिकरण को 99 वर्ष की लीज में दी गई है। इसमें ग्राम चोरहटी, उमरी, चोरहटा, अगडाल तथा पतेरी की भूमि शामिल हैं। वर्तमान हवाई पट्टी की चौड़ाई दोनों ओर 3.5 मीटर बढ़ाई गई है। रनवे का विस्तार करके इसे 2300 मीटर का बनाया गया है। साथ ही दोनों ओर 30-30 मीटर की बैकप लेंथ भी है। एयरपोर्ट में हवाई टर्मिनल बिधल्डग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर तथा सुरक्षा के लिए बाउंड्रीबाल का निर्माण पूरा हो गया है। एयरपोर्ट में लोकार्पण के बाद 72 सीटर हवाई जहाजों का आवागमन शुरू हो जायेगा। हवाई सेवा शुरू हो जाने से रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य के उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, उपचार सुविधा तथा अन्य क्षेत्रों में विकास के नये अवसर मिलेंगे। पूरे विन्ध्य के विभिन्न जिलों के निवासी नौकरी, चिकित्सा, व्यापार, शिक्षा, पर्यटन तथा व्यावसायिक कार्यों से देश के बड़े शहरों की यात्रा करते हैं। विन्ध्य के कई हजार विद्यार्थी भोपाल, इंदौर, पुणे, हैदराबाद, बंगलौर जैसे बड़े शहरों में अध्ययन कर रहे हैं। इस क्षेत्र के कई व्यक्ति विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों और कंपनियों में ऊंचे पदों पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी तथा थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी विन्ध्य के ही निवासी हैं। इसी तरह विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों के लिए एयरपोर्ट शुरू होने पर रीवा हवाई मार्ग से पहुंचना आसान हो जाएगा। एयरपोर्ट के शुरू होने से देश के ऊर्जा केन्द्र सिंगरौली, सीमेंट हब सतना और सीधी, मैहर, मऊगंज आदि जिलों के निवासियों को भी देश के प्रमुख स्थलों से हवाई मार्ग से जुड़ने की सुविधा मिल जाएगी। विन्ध्य में खनिज संपदा तथा वन संपदा अपार है। यहाँ उद्योगों के विकास और पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। एयरपोर्ट शुरू होने से इसे प्रोत्साहन मिलेगा।

बाणसागर बांध का निर्माण और पूरे क्षेत्र में नहरों के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाने से विन्ध्य क्षेत्र में खाद्यान्न, फल, सब्जी तथा फूलों के उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई है। कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना प्रबल हो गई है। एयरपोर्ट शुरू हो जाने से औद्योगिक क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। रीवा के आसपास व्हाइट टाइगर सफारी, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, संजय टाइगर रिजर्व सीधी, वन अभ्यारण्य दुबरी, शारदा माता मंदिर मैहर, चित्रकूट जैसे पर्यटन के केन्द्र स्थित हैं। हवाई सेवा की सुविधा से इनमें पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा। रीवा एयरपोर्ट निश्चित ही पूरे विन्ध्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## रेल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 18 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से रेल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। कमिश्नर बीएस जामोद ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन के सतना-पन्ना खण्ड तथा रीवा-सिंगरौली खण्ड के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सहकारी समितियों के गवन प्रकरणों की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 18 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सहकारी समितियों के गवन एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा करेंगी। बैठक दोपहर 12 बजे आरंभ होगी। उपायुक्त सहकारिता ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# कलेक्ट्रेट में शुरू किया गया निवेश प्रोत्साहन केन्द्र





**रीवा।** विन्ध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों और खनिज पदार्थों से भरपूर है। विन्ध्य में बाणसागर बांध की नहरों के माध्यम से पर्याप्त पानी उपलब्ध है। उद्योगों की स्थापना के लिए विन्ध्य में कम दर पर पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। उद्योगों की स्थापना के लिए विन्ध्य में सर्वाधिक संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को फलीभूत करने के लिए कलेक्ट्रेट रीवा में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र शुरू किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रीजनल इन्डस्ट्रियल कॉन्क्लेव की तैयारियों के क्रम में इस केन्द्र को शुरू किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास केन्द्र अधिकारी तैनात किए गए हैं। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र से उद्योगों की स्थापना के लिए उपलब्ध भूमि, पानी, सड़क, बिजली, रेलवे लाइन, हवाई मार्ग, श्रमिकों की उपलब्धता आदि की जानकारी उपलब्धता की जानकारी दी जा रही है। विन्ध्य में बाणसागर बांध की नहरों से खेती में चहुंमुखी विकास हुआ है। गेंहू, धान, चना, सरसों सहित सभी फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा है। कृषि आधारित तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की भी अच्छी संभावनाएं हैं। उद्योगों की स्थापना के लिए रीवा जिले में गुढ़ में नया औद्योगिक केन्द्र विकसित किया गया है। मऊगंज जिले में घुरेहटा तथा कटरा-घूमा में नए औद्योगिक केन्द्र विकसित किए जा रहे हैं। सिरमौर और सेमरिया तहसील तथा त्योंथर तहसील में औद्योगिक निवेश के लिए भूमि सुरक्षित की गई है। जिले के कई क्षेत्रों में सोलर पावर प्लांट लगाने की भी अच्छी संभावना है। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र के माध्यम से पूरे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश से जुड़े सभी आयामों की जानकारी दी जा रही है।

# संयुक्त संचालक ने किया माध्यमिक शाला का निरीक्षण

रीवा

कमिश्नर बीएस जामोद ने मैदानी स्तर पर विभिन्न विभागों में समन्वय के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी संभागीय और जिला स्तर के अधिकारी भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल तथा अस्पतालों का निरीक्षण करें। इस क्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने मैहर जिले के भ्रमण के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला किरहाई अमरपाटन का निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से पठन-पाठन के संबंध में जानकारी ली। शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं मध्यान्ह भोजन के वितरण के संबंध में उन्होंने जानकारी ली। स्वसहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन वितरित किया जा रहा है। संयुक्त संचालक ने प्रधानाध्यापक को विद्यालय को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

## बायोमेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से हो रहा निपटान : सिविल सर्जन

**रीवा।** सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता ने बताया है कि कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में बायोमेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जा रहा है। जिला अस्पताल से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पैक करके अनुबंधित संस्था मेसर्स चित्रकिरण वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को दिया जाता है। इसका अनुबंध शासन स्तर से किया गया है। जिला अस्पताल के पैथालॉजी ब्लड बैंक, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम इत्यादि से निकलने वाले अपशिष्ट द्रव्य को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार उपचारित किया जाता है।

## भारतीय शैली के साथ होगी विदेशी रामलीला प्रसंगों की प्रस्तुति

# चित्रकूट में सात दिवसीय रामलीला उत्सव का 20 अक्टूबर को होगा शुभारंभ

**रीवा।** चित्रकूट में संस्कृति विभाग द्वारा 20 से 26 अक्टूबर तक श्रीरामकथा के विविध प्रसंगों का श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव में लीला मण्डल रंगरेज कला संस्थान-उज्जैन के कलाकारों द्वारा श्रीराघव प्रयाग घाट-नयागाँव, चित्रकूट श्रीरामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। साथ ही श्रीरामराजा सरकार श्रीराम के छत्तीस गुणों का चित्र कथन प्रदर्शनी और श्रीरामकथा के चरितों आधारित पांच दिवसीय व्याख्यान का आयोजन भी किया जा रहा है।





रामलीला उत्सव में 20 अक्टूबर को शिव विवाह, रावण का विश्व विजय अभियान, श्री राम-जन्म, गुरु विश्वामित्र दशरथ संवाद की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 21 अक्टूबर को इंडोनेशिया के कलाकारों द्वारा ताड़का वध, अहिल्या-उद्धार, वाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद को प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके बाद 22 अक्टूबर को श्रीराम बारात, श्री राम राज्य की घोषणा, कैकेयी-मंथरा संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद, श्री राम वनगमन की कथा प्रस्तुत होगी। 23 अक्टूबर को श्री राम-निषादराज मिलन, केवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत-कैकेयी संवाद होगा। 24 अक्टूबर को चित्रकूट में श्रीराम तथा भरत का मिलाप, सीता हरण, जटायु मरण एवं शबरी का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 25 अक्टूबर को श्री राम-हनुमान मिलन, श्री राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन की लीला प्रस्तुत की जाएगी। रामलीला उत्सव के समापन दिवस 26 अक्टूबर को सेतुबंध, रामेश्वरम स्थापना, रावण-अंगद संवाद, कुंभकरण, मेघनाथ एवं रावण मरण, श्री राम राज्याभिषेक प्रसंगों को मंचित किया जाएगा। समारोह में प्रवेश नि:शुल्क है।

# भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन की संभागीय बैठक सम्पन्न

**रीवा।** भारतीय मानवाधिकार एसेसियेशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ.अजय चौधरी के दिशा निर्देश पर प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव की अध्यक्षता में संभागीय बैठक रानीगंज रीवा मे सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव ने कहा कि पूरे रीवा संभाग में जागरुकता अभियान चलाया कर लोगों को मानवाधिकार के अधिकारों से अवगत कराया जाय ताकि लोग मानवाधिकार के अधिकारों का उपयोग कर उसका फायदा उठा सके। बैठक में सामाजिक संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीधी जिला निवासी आर.पी. पाण्डेय एवं जिला मीडिया प्रभारी अरुण द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उप सचिव कृषि संरक्षण सुधाकर पाण्डेय, प्रदेश कल्याण सचिव डॉ.रजनीशकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा, तहसील मीडिया प्रभारी संजीव गुप्ता, अश्वनी शुक्ला, रामविहारी शुक्ला, रामवतार वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# मुआवजा राशि के लिए एक हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त टीम ने लिपिक को दबोचा

**रीवा।** मुआवजा राशि जारी करने की एवज में रिश्वत की मन कर रहे भू अर्जन विभाग की सहायक ग्रेड 3 को 1000 रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ ट्रैप किया है।

टीम ने कार्रवाई पूरी हो जाने के बाद उक्त सहायक ग्रेड 3 के कर्मचारी को जमानत पर रिहा कर दिया है। लोकायुक्त टीम ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर मामले को विवेचना में ले लिया है। कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सुनील पाण्डेय पिता स्वर्गीय श्यामसुंदर पाण्डेय निवासी ग्राम व पोस्ट जोरौट थाना व तहसील मनगवां जिला रीवा शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि भू अर्जन शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 हीरामणि तिवारी मुआवजा देने की आवाज में रुपये की मांग कर रहा है। शिकायत की जांच करने पर शिकायत प्रमाणित पाई गई। जिसे लेकर टीम का गठन कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया। मंगलवार को दोपहर रीवा कलेक्ट्रेट के भू अर्जन शाखा में हीरालाल तिवारी को 1000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी हीरामणि तिवारी द्वारा शिकायतकर्ता से उसके वारिसाना भूमि के मुआवजा अवार्ड राशि 2,62,997 रुपये का भुगतान करने के एवज में 1000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत की बात का सत्यापन लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक द्वारा कराया गया तो वास्तविकता में आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से 1000 की मांग करना पाया गया। प्रकरण आरोपी के पास 25 सितंबर 2024 से लंबित था। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी हीरामणि तिवारी को शिकायतकर्ता से 1000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ ट्रैप किया गया है।

## डीएपी की कमी नहीं, एनपीके और एसएसपी से भी मिलेगा बेहतर उत्पादन : उपसंचालक कृषि

**रीवा।** जिले में डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही, कृषि विभाग ने किसानों को एनपीके और एसएसपी खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। इन खादों से न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि किसानों को आर्थिक लाभ भी होगा। रीवा जिले के उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जिले के किसानों को आगामी फसल की बोनी के लिए एनपीके और एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) खाद का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले में डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन डीएपी के विकल्प के रूप में किसान एनपीके मिश्रण और सिंगल सुपर फास्फेट खाद का उपयोग कर सकते हैं। इन खादों के उपयोग से फसल उत्पादन में डीएपी के समान ही प्रभावकारी परिणाम मिलते हैं। उन्होंने आगे बताया कि डीएपी खाद में मुख्य रूप से नाइट्रोजन और फास्फोरस होता है, जबकि एनपीके और एसएसपी के मिश्रण से फसल को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम तीनों तत्व संतुलित मात्रा में प्राप्त होते हैं। इसके अलावा, सिंगल सुपर फास्फेट में सल्फर भी होता है जो सरसों की फसल के लिए विशेष रूप से लाभदायक होता है। उप संचालक ने यह भी बताया कि एनपीके और एसएसपी के मिश्रण का उपयोग करने से किसानों को आर्थिक लाभ भी होगा। क्योंकि इस मिश्रण की कीमत डीएपी की तुलना में कम होती है और यह फसल उत्पादन में भी अधिक प्रभावी होता है।

## धान उपार्जन के लिए 62263 किसानों ने कराया पंजीयन

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। जिले भर में खरीदी केन्द्रों, कियोस्क सेंटर तथा किसान एप के माध्यम से धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन किया गया। जिले में 62263 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि तहसील त्योंथर में 16939, मनगवां में 8355, तहसील हुजूर में 7154, सिरमौर में 5523, जवा में 8360, गुढ़ में 5169, सेमरिया में 6203, रायपुर कर्चुलियान में 2271 तथा तहसील हुजूर नगर में 2289 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत किसानों द्वारा 101927 हेक्टेयर धान का रकबा दर्ज किया गया है। पंजीकृत किसानों के दर्ज किए गए रकबे का गिरदावरी के अनुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

# प्रेम प्रसंग का खूनी खेल, बहन के प्रेमी की निर्मम हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** रीवा में एक प्रेम प्रसंग के चलते भाइयों ने अपनी बहन के प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रेमी द्वारा बहन को धमकाने से नाराज भाइयों ने नाबालिग भतीजे के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद शव को दुर्गा पंडाल के पास फेंक दिया।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में प्रेम प्रसंग के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो भाइयों ने अपनी नाबालिग भतीजे के साथ मिलकर बहन के प्रेमी हर्षित की निर्मम हत्या कर दी। घटना का मुख्य कारण प्रेमी हर्षित द्वारा बहन को धमकाना था। आरोपी भाइयों ने हर्षित की हत्या की साजिश नवरात्रि के दौरान रची, जब उन्होंने उसे 8 अक्टूबर को खेत पर बुलाकर बर्बरता से मारा।



हत्यारों ने पहले हर्षित को बुरी तरह पीटा, फिर एक आरोपी ने उसका मुंह दबाया, दूसरे ने हाथ में पहने कड़े से वार किया, और तीसरे ने उसकी छाती पर बैठकर उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद भी आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने शव को पैरों से कुचलकर अपना बदला पूरा किया। इसके बाद शव को बाइक के बीच में बैठाकर गांव से 15 किलोमीटर दूर दुर्गा पंडाल के पास फेंक दिया, यह सोचते हुए कि कुत्ते शव को नोंचकर खा जाएंगे और किसी को घटना का पता नहीं चलेगा।

मृतक हर्षित के पिता ने बताया कि उनका बेटा 8 अक्टूबर को पूजा पंडाल में जाने की बात कहकर घर से निकला था और फिर लौटकर नहीं आया। अगले दिन शाम को उन्हें पता चला कि उनके बेटे की हत्या कर दी गई है और उसका शव बैकुण्ठपुर में मिला। परिवार को हर्षित के प्रेम संबंधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन जो भी हुआ, वह अत्यंत दर्दनाक और असहनीय था। पुलिस की जांच में सामने आया कि हर्षित, आरोपियों की बहन को धमकाता था और उसके साथ जबरदस्ती रहने की बात करता था। बहन के दूर जाने की कोशिश करने पर हर्षित ने उसे धमकी दी कि वह उसकी जिंदगी बर्बाद कर देगा। यही बात भाइयों को सहन नहीं हुई और उन्होंने हत्या की साजिश रची।

आरोपी प्रदीप रावत ने पुलिस को बताया कि उसने हर्षित को तड़पा-तड़पा कर मारा। उसकी बहन के साथ किए गए गलत व्यवहार का बदला लेते हुए, प्रदीप ने कहा कि जब हर्षित मर रहा था, तो उन्हें तसल्ली मिल रही थी। यहां तक कि उसकी मौत के बाद भी उन्होंने उसका गला घोंटते हुए उसके प्रति अपनी नाराजगी जताई। रीवा के एसपी विवेक सिंह ने बताया कि जांच में मृतक हर्षित की कॉल डिटेल्स खंगाली गईं, जिससे प्रेम प्रसंग और विवाद की जानकारी मिली। भाइयों और हर्षित के बीच फोन पर हुई धमकियों के आधार पर पुलिस ने तहकीकात शुरू की और मुखबिर की सूचना से आरोपियों तक पहुंच गई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833